दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 286 जयपुर | बुधवार, 20 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-द्वादशी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## एनडीए संसदीय दल की बैठक, उपराष्ट्रपति कैंडिडेट को सम्मानित किया
# मोदी बोले- राधाकृष्णन सरल और सहज व्यक्ति, वे राजनीति में खेल नहीं करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें पीएम मोदी भी शामिल हुए। मोदी ने बैठक में महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी और सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि राधाकृष्णन सरल और सहज व्यक्ति हैं। वे राजनीति में खेल नहीं करेंगे। इस दौरान राधाकृष्णन को एनडीए के सभी सहयोगी दलों के सांसदों से भी मिलवाया गया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पीएम ने विपक्ष समेत सभी दलों से सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद पर सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है।

17 अगस्त को भाजपा संसदीय बोर्ड बैठक के बाद एनडीए की तरफ से राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया गया था। राधाकृष्णन 20 अगस्त को सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान 20 प्रस्तावकों और 20 समर्थकों समेत लगभग 160 सदस्यों के मौजूद रहने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होने हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ के इस्तीफे के बाद, चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की घोषणा की थी। मानसून सत्र शुरू होने के बाद एनडीए सांसदों की दूसरी बैठक 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र चल रहा है। 21 अगस्त को मानसून सत्र का आखिर दिन है। इससे दौरान, आज होने वाली बैठक एनडीए सांसदों की दूसरी बैठक है। जून 2024 से अब तक, केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार में आने के बाद किसी संसद सत्र के दौरान एनडीए सांसदों की यह तीसरी बैठक होगी। इससे पहले 5 अगस्त को एनडीए सांसदों की बैठक हुई थी। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान की मणिका विश्वकर्मा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया
**देशभर की 47 मॉडल्स को पीछे छोड़ा; अब मिस यूनिवर्स के लिए भारत को करेंगी रिप्रजेंट**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के श्रीगंगानगर की रहने वाली मणिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया-2025 का खिताब जीता है। इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए देशभर से जयपुर आईं 48 फाइनलिस्ट्स के बीच मुकाबला हुआ था। मणिका विश्वकर्मा अब 21 नवंबर 2025 को थाईलैंड के नोंथाबुरी स्थित इम्पैक्ट चैलेंजर हॉल में होने वाली मिस यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**मणिका बोलीं- यह मेरे लिए बहुत खास पल**

मणिका विश्वकर्मा ने कहा- मैं अपने देश को वर्ल्ड लेवल पर रिप्रजेंट करने को लेकर उत्साहित हूं। हमारे देश की संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का मुझे मौका मिला है। यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मणिका ने कहा- मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज अपने प्रदेश में मिलना भी सुखद है। मेरी कोशिश रहेगी कि समाज सेवा में भी मेरा योगदान हो। इसके लिए अभी से काम कर रही हूं। मुझे पेंटिंग के अलावा सिंगिंग और डांसिंग भी बेहद पसंद है। मणिका पॉलिटिकल और इकॉनोमिक्स की स्टूडेंट हैं। इसके अलावा नेशनल अवॉर्डी आर्टिस्ट भी हैं।

### निशिकांत दुबे बोले- कांग्रेस ने स्पेस मिशन को कमजोर किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। सफल स्पेस मिशन पर चर्चा के दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के कहने पर देश के स्पेस मिशन को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केरल के प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को ष्टक्च्ढ्ढ के जरिए 1994 में गलत तरीके से गिरफ्तार कराया। इस साजिश से भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बहुत नुकसान हुआ। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि इस विषय पर सदन में चर्चा हो। इससे पहले लोकसभा में नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए, लेकिन हंगामा नहीं रुका। वहीं राज्यसभा में खान और खनिज संशोधन विधेयक 2025 पारित हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही को 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट...
## सुप्रीम कोर्ट में जज रह चुके, एनडीए के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्?डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। राधाकृष्णन 20 जबकि रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

**खड़गे बोले- संविधान बचाने विपक्ष एकजुट**

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब कभी लोकतंत्र और संविधान खतरे में आता है, विपक्ष उसे बचाने के लिए एकजुट हो जाता है। इंडिया दलों ने एक साझा उम्मीदवार रखने का फैसला किया है, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। मुझे खुशी है कि सभी विपक्षी दल एक नाम पर सहमत हुए हैं। यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि आम आदमी पार्टी भी हमारे फैसले से सहमत है और जल्द ही वह अपने समर्थन की घोषणा करेगी।**



**एनडीए के उम्मीदवार का जीतना तय**

लोकसभा में कुल सांसदों की संख्या 542 है। एक सीट खाली है। एनडीए के 293 सांसद हैं। इसी तरह राज्यसभा में 245 सांसद हैं। 5 सीट खाली हैं। एनडीए के पास 129 सांसद हैं। यह मानते हुए कि उपराष्ट्रपति के लिए नामांकित सदस्य भी एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। इस तरह, सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। बहुमत के लिए 391 सांसदों के समर्थन की जरूरत है। अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे। वहीं विपक्षी उम्मीदवार मार्गेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट मिले थे। तब 56 सांसदों ने वोट नहीं डाला था।

### इसरो चीफ बोले-भारत 40 मंजिला ऊंचा रॉकेट बना रहा
**ये 75,000 किलो वजन ले जाने में सक्षम, दुनिया के सबसे बड़े रॉकेट्स में शुमार होगा**

बढ़ता राजस्थान



**हैदराबाद ( एजेंसी )।** इसरो दुनिया के सबसे बड़े रॉकेट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहा है। इसरो चीफ वी नारायणन ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित उस्मानिया यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बताया कि स्पेस एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा है। यह रॉकेट लो अर्थ ऑर्बिट में 75,000 किलो यानी 75 टन वजन ले जाने में सक्षम होगा। नारायणन ने कहा कि भारत का पहला रॉकेट, जिसे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने बनाया था, 17 टन का था और वह सिर्फ 35 किलो भार ले जा सकता था। आज इसरो इतनी बड़ी छलांग लगा चुका है। उन्होंने बताया,

इस साल इसरो कई अहम प्रोजेक्ट पूरे करेगा, जिनमें अमेरिका का 6,500 किलो वजनी संचार उपग्रह भारतीय रॉकेट से लॉन्च करना, ह्१ रॉकेट, नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन सैटेलाइट और जीसैट-7क्र शामिल हैं। जीसैट-7क्र नौसेना के लिए खास सैन्य उपग्रह होगा, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) को बदलेगा। नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर भारत जल्द 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों की टीम तैयार करेगा, जो भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करेंगे। समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें मानद डॉक्टरेट ऑफ साइंस की उपाधि दी।

नारायणन ने शुभांशु शुक्ला की हाल की अंतरिक्ष यात्रा का भी जिक्र किया। शुक्ला 20 दिन के मिशन के बाद सुरक्षित लौटे हैं। यह अनुभव स्पेस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। नारायणन ने बताया कि इस स्पेस मिशन के लॉन्च से पहले एक लीकेज पकड़ा गया था, नहीं तो मिशन असफल हो सकता था।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की तैयारी में विपक्ष
**इंडिया ब्लॉक की बैठक में मंथन; संसद में शीतकालीन सत्र में नोटिस पर विचार**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/गयाजी( एजेंसी )।** वोट चोरी के आरोपों और बिहार में वोटर्स लिस्ट स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विपक्ष ने हमला तेज कर दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक सीईसी के खिलाफ अब महाभियोग लाने पर विचार कर रहा है। सोमवार को खड़गे की अध्यक्षता में उनके घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक में इस पर मंथन हुआ। बैठक के बाद कांग्रेस, टीएमसी, सपा, ष्ठरूयू, राजद समेत 8 विपक्षी दलों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद 20 पार्टियों के हस्ताक्षर से बयान जारी हुआ।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा- सीईसी भाजपा प्रवक्ता की तरह बोल रहे हैं। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा- संसद के मौजूदा सत्र (मानसून सत्र) में 3 दिन बाकी हैं। महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है। सीईसी के रवैये को देखते हुए हम अगले सत्र (शीतकालीन सत्र) में नोटिस देंगे।

इंडिया ब्लॉक की प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौरव गोगोई के अलावा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, आप सांसद संजय सिंह, सपा सांसद राम गोपाल यादव, राजद सांसद मनोज झा और अन्य नेता शामिल हुए। इंडिया ब्लॉक की प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौरव गोगोई के अलावा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, आप सांसद संजय सिंह, सपा सांसद राम गोपाल यादव, राजद सांसद मनोज झा और अन्य नेता शामिल हुए। राहुल बोले- वोट चोरी करने वाले जान लें, यह सरकार हमेशा नहीं रहेगी इधर, राहुल ने बिहार में स्ढ्ढक्र के खिलाफ और वोट चोरी को लेकर 17 अगस्त से वोट अधिकार यात्रा भी शुरू की है। राहुल ने यात्रा के दूसरे दिन (18 अगस्त) को राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ गयाजी में जनसभा की। इस दौरान राहुल ने लोगों को संविधान की कॉपी दिखाई और कहा, ये भारत माता का संविधान है। इसमें 3 हजार साल पुरानी आवाज है। जब ये लोग वोट चोरी करते हैं तो संविधान की आत्मा पर आक्रमण करते हैं।




# ऑनलाइन मनी गेमिंग के खिलाफ मोदी सरकार का बड़ा कदम
## संसद में पेश किया जाएगा बिल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने सट्टेबाजी और जुए से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को लक्षित करने वाले एक कड़े विधेयक को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को प्रस्तावित विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसमें सख्त दंड, जुर्माना और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार शामिल है। विधेयक के प्रमुख प्रावधानों में से एक, सट्टेबाजी या जुए से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स का समर्थन या प्रचार करने वाली मशहूर हस्तियों और सार्वजनिक हस्तियों पर प्रतिबंध लगाना है। इस उपाय का उद्देश्य, विशेष रूप से युवा उपयोगकर्ताओं को, ऐसे प्लेटफ़ॉर्म के संभावित हानिकारक प्रभाव से बचाना है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मुख्य उद्देश्य सट्टेबाजी-आधारित ऑनलाइन गेम्स के नकारात्मक सामाजिक प्रभाव को कम करना और युवाओं को शोषण का शिकार होने से बचाना है। एक अधिकारी ने कहा कि यह विधेयक युवाओं को हानिकारक विकर्षणों से दूर रखने और इन खेलों के समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में मदद करेगा। यह विधेयक कल लोकसभा में पेश किया जाएगा। यदि यह पारित हो जाता है, तो यह इस क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक निगरानी और जवाबदेही लाकर भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा। यह विधायी कदम अनियमित गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, खासकर युवा दर्शकों के बीच, की लत और वित्तीय जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यह भारत में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के



संचालन के तरीके को मौलिक रूप से बदल देगा और एक सुरक्षित तथा अधिक जिम्मेदार गेमिंग वातावरण को बढ़ावा देगा। इससे पहले, जून में, गूगल के प्रतिनिधि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म्स से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए थे, जबकि मेटा के अधिकारियों ने गवाही नहीं दी थी। ईडी ने शुरुआत में दोनों कंपनियों को जुलाई में तलब किया था, लेकिन उनकी पेशी की तारीख बढ़ा दी थी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गूगल के अनुपालन अधिकारी के बयानों के साथ, एजेंसी ने कंपनी से दस्तावेज मांगे थे।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जनजातीय क्षेत्रों में विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा आदि कर्मयोगी अभियान

- अभियान के तहत जयपुर जिले के के 10 ब्लॉक के 177 गांवों का हुआ चयन
- उत्तरदायी शासन एवं अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति है अभियान का लक्ष्य

**प्रत्येक गांव में 20 व्यक्तियों को आदि सहयोगी, आदि साथी के तौर पर दी जा रही जिम्मेदारी**




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विकसित भारत के निर्माण के लिए जनजाति लोगों के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की गई है, जिसके तहत पूरे देश में एक लाख जनजाति बाहुल्य गांवों में प्रत्येक गांव में 20 व्यक्तियों को चयनित किया जाकर आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में कार्य करवाना है। आदि कर्मयोगी विकसित भारत के लिए आंदोलन है जो सेवा, समर्पण एवं और संकल्प से प्रेरित है, जो जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन एवं अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करता है। इस अभियान अंतर्गत जयपुर जिले में 10 ब्लॉकों में 177 गांवों का चयन किया गया है।

## 17 विभागों से संबंधित 25 गतिविधियों का किया जा रहा सफलतापूर्वक क्रियान्वयन

भारत के 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 10.5 करोड़ से ज्यादा आदिवासी नागरिकों का घर है, जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हैं। दशकों के निवेश और अनेक योजनाओं के बावजूद स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, जल और शासन-प्रशासन में व्यवस्थागत कमियाँ बनी हुई हैं। माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने इन स्थायी चुनौतियों का समाधान करने और अंतिम छोर तक शासन और जन-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आदिवासी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शासन और सेवा वितरण में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के मिशन के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया है, जिसकी अवधि 2030 तक रखी गई है।

यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में बीटा संस्करण के रूप में शुरू किया गया है और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आदि कर्मयोगी अभियान के साथ संरेखित है। यह मिशन बहु-विभागीय अभिसरण को उत्प्रेरित करेगा, सहभागी शासन को गहन करेगा और शासन के एक निचले स्तर, जन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास का पुनर्निर्माण करेगा। जिसके लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पर 5 विभागों (महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वन विभाग) के कुल 69 अधिकारी/कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है।

ग्राम स्तरीय कर्मचारियों में ग्राम पंचायत में स्थित ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पशुधन सहायक, प्रधानाध्यापक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का कर्मचारी विद्युत विभाग का कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, साथिन, कृषि पर्यवेक्षक, वनपाल, सहकारिता में ग्राम सेवा सहकारी समिति का व्यवस्थापक एवं राजीविका में बने हुए ग्रुप की महिला अध्यक्ष को शामिल करते हुए उस ग्राम पंचायत के उपरोक्त कर्मचारियों का धरती आबा में चयनित ग्राम के लिए आदि कर्मयोगी के रूप में चयन किया जा रहा है। वहीं,ग्राम स्तर पर उस ग्राम के निवासी युवा, ग्राम में कार्यरत अध्यापक, डॉक्टर एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं में से आदि सहयोगी का चयन किया किया जा रहा है। इसी प्रकार धरती आबा योजना में चयनित ग्राम से आदि साथी के लिए उसका ग्राम के वार्ड पंच, सरपंच, स्वयंसेवी संस्था के सदस्य एवं गांव में रहने वाले मोहल्लावार, ग्रामीण पटेल/मुखिया/गमेती का आदि साथी के तौर पर चयन किया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान को निम्न राष्ट्रीय प्रमुख मिशनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए पीएम-जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन, ईएमआरएस विस्तार और छात्रवृत्ति अभियानों के साथ डिजाइन किया गया है।

# किसान सेवा केंद्र पर टोकन लेने के लिए किसानों की लगी लाईन, धक्का मुक्की में एक किसान हुआ घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** झिलाय रोड़ स्थित किसान सेवा केंद्र पर मंगलवार की अल सुबह 7 बजे ही खाद का टोकन लेने के लिए किसानों की लाइन लग गई। निवाई उपखंड क्षेत्र के करीब 500 किसान महिला-पुरुष खाद का टोकन लेने के लिए लाइनों में लग गए। इस दौरान किसान सेवा केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों ने चैनल गेट को बंद कर ताला लगा दिया। वे व्यवस्थाओं का उलाहना देते हुए किसी भी किसान को खाद का टोकन नहीं दिया गया। जिसकी सूचना कृषि विभाग कर्मचारियों ने निवाई थाना अधिकारी व निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर को फोन के माध्यम से दी। इस दौरान किसानों ने खाद टोकन नहीं मिलने पर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान धक्का मुक्की होने से एक किसान युवक का हाथ फैक्चर हो गया तथा दो महिलाएं तेज गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ी। स्थानीय प्रशासन ने निवाई उपखंड अधिकारी रामकरणसिंह को समस्या से अवगत कराया। किसानों के लिए खाद की उत्पन्न स्थिति को लेकर निवाई उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह ने तुरंत प्रभाव से कृषि विभाग के अधिकारियों से समस्या को लेकर बातचीत की। किसानों ने स्थानीय खाद बीज व्यापारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा बड़े-बड़े गोदामों में खाद के अथाह भंडार भर रखे हैं और खाद की काला बाजारी कर रहे हैं। मौके पर नायब तहसीलदार रामकेश मीणा ने पहुंचकर किसानों से बातचीत की। मीणा ने सभी किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जीएसएस मुख्यालय पर खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। कृषि विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर रामनिवास ने बताया कि शीघ्र खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## शाह समाज विकास संस्थान की जिला कार्यकारिणी का विस्तार, सन्नू शाह बने जिला सह संयोजक व कासिम खान जिला सचिव

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता ) ।** शाह समाज (मुस्लिम) विकास संस्थान करौली की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मूंडिया निवासी सन्नू शाह को जिला सह संयोजक तथा कासिम खान को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष समसुद्दीन शाह एवं प्रदेश प्रभारी सैयद एजाज अहमद के निर्देशानुसार संगठन को सक्रिय और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से की गई। नियुक्ति की घोषणा जिला अध्यक्ष रफीक शाह और जिला मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा द्वारा की गई। सन्नू शाह और कासिम खान की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर शाह समाज में हर्ष की लहर देखने को मिली। दोनों पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष एवं समस्त हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

## अजया एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री श्याम मंदिर सेवा धाम, मोहन नगर में अजया एकादशी के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर में बाबा श्याम का श्रृंगार विभिन्न प्रकार की फूल-मालाओं से किया गया। सुबह मंगला आरती के समय से ही मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा। दूर-दराज़ क्षेत्रों से श्रद्धालु डीजे की धुनों के साथ पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रवेश द्वार पर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं पर इत्र की वर्षा की गई और परिसर में शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु कुलर लगाए गए। दिनभर श्याम बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। मंदिर के आसपास की गलियों में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही से चहल-पहल बनी रही। मंदिर के बाहर प्रसाद और खिलौनों की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के साथ-साथ गिर्राजधरण और राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं के दर्शन कर खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर फूलों से महक उठा और सेवादार लगातार सफाई व्यवस्था में जुटे रहे। श्याम बाबा की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार दीपक पंडित, संदीप तिवारी, अमन पंडित और मनीष जोशी ने विभिन्न रंग-बिरंगे पुष्पों की मालाओं से किया।

## सीआईएसएफ मस्जिद में मनाया जाएगा आला हजरत का उर्स मुबारक

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर के जयपुर रोड स्थित सीआईएसएफ मस्जिद में आला हजरत का उर्स मुबारक आयोजित किया जा रहा है। सीआईएसएफ मस्जिद के सदर फिरोज़ खान अब्बासी ने जानकारी दी कि इस मुबारक मौके पर देशभर से कई विद्वान शिरकत करेंगे। उर्स कार्यक्रम में अल्लामा इकबाल कादरी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। इनके साथ पानीपत से हाफ़िज़ ताज़ रज़ा, किछौछा शरीफ से अल्लामा इरफ़ान क़ादरी, मौलाना नज्में इफ्तिखार, मौलाना शमीउल्लाह, अय्यूब बाबा और रज़्ज़ाकी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान इमाम अहमद रज़ा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया जाएगा। उर्स मुबारक की विधिवत शुरुआत 20 अगस्त, बुधवार को फजर की नमाज़ के बाद कुरआन ख्वानी से होगी। वहीं, नमाज़-ए-ईशा के बाद उलेमाओं के बयानात शुरू होंगे, जो देर रात तक जारी रहेंगे।




# जैन महिला मंच द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जैन महिला मंच ने शहर के एक निजी होटल में विविध उत्सवों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 100 से अधिक सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंच अध्यक्ष वंदना बाबेल ने बताया कि कार्यक्रम तीन थीम — राधा-कृष्ण, सावन और आजादी के तीन रंग — पर आधारित रहा। समारोह की विशिष्ट अतिथि दीप्ति तलेसरा थीं, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में सदस्याओं ने नृत्य, गीत और विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। बेस्ट थीम पुरस्कार स्नेहलता चौरड़िया, पुष्पा कंठालिया, अंकुश और रानी को मिला। प्रभा चौधरी ग्रुप को बेस्ट ग्रुप डांस का सम्मान मिला, वहीं तारा और शांता को भी उपहार दिए गए। मंच की ओर से आशा नावडिया को महिला गौरव से अलंकृत किए जाने पर विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर नई सदस्याओं का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलम सुराना, ज्योति जैन और प्रीति वया ने किया तथा आभार मंत्री ज्योति जैन ने व्यक्त किया।

## ट्रोमा सेंटर का मेडिकल ज्यूरिस्ट दो हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जालोर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए ट्रोमा सेंटर राजकीय जिला चिकित्सालय जालोर के मेडिकल ज्यूरिस्ट डा. कानाराम को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। यह रिश्वत परिवादी के साथ हुई मारपीट के प्रकरण जो कि पुलिस थाना कोतवाली जालोर में दर्ज है। इस प्रकरण में परिवादी की चोटों का चोट प्रतिवेदन जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जालोर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके के साथ हुई मारपीट को लेकर पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज प्रकरण में परिवादी स्वयं का चोट प्रतिवेदन जारी करने की एवज में ट्रोमा सेंटर का मेडिकल ज्यूरिस्ट डा. कानाराम दो हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी जालोर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए ट्रोमा सेंटर के मेडिकल ज्यूरिस्ट डा. कानाराम को दो हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

## राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा में 4 दिन तक डिजिटल बैंकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से रहेगी बंद,

### तकनीकी माइग्रेशन को लेकर 22 से 26 अगस्त तक डिजिटल बैंकिंग सेवाएं रहेगी बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा निवाई में तकनीकी माइग्रेशन को लेकर 22 से 26 अगस्त तक 4 दिन के लिए डिजिटल बैंकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। निवाई शाखा प्रबंधक विष्णु कुमार ने बताया कि तकनीकी माइग्रेशन को लेकर 22 अगस्त से चेक क्लियरिंग सुविधाएं एवं 23 से 26 अगस्त तक एटीएम, वीपीएल, आईएमपीएस, ई-कॉम, एइपीएस, नेफ्ट, मोबाइल, इंटरनेट व आरटीजीएस सहित सभी प्रकार की डिजिटल बैंकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि बैंक शाखा में 26 अगस्त तक नया खाता खोलने, हस्ताक्षर परिवर्तन करने, सीआईएफ में संशोधन करने आदि सुविधाएं अनुपलब्ध है।

## 8 दिवसीय पर्युषण आराधना पर्व आज से प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जिनालय समिति, हिरणमगरी सेक्टर-4 में बुधवार से 8 दिवसीय पर्युषण आराधना पर्व प्रारंभ हुआ। आचार्यदेव श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य मुनिराज शालिभद्रविजय म.सा. एवं पुण्यबल विजय म.सा. के साथ साध्वी वृद्धिरेखा म.सा. आदि ठाणा-3 का भी समिति परिसर में मंगल प्रवेश हुआ। समिति अध्यक्ष सुशील बांठिया ने बताया कि प्रतिदिन प्रवचन, प्रतिक्रमण और कल्पसूत्र वाचन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 20 से 27 अगस्त तक कल्पसूत्र पूजा, त्रिशलामाता चौदह स्वप्नाजी का वाचन, गणधरवाद प्रवचन और संवत्सरी प्रतिक्रमण जैसे प्रमुख आयोजन संपन्न होंगे। महामंत्री अशोक नागौरी ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात: 9.15 बजे, दोपहर 2.30 बजे और शाम 7 बजे होंगे। उपाध्यक्ष उत्सवलाल जगावत ने कहा कि पर्व के समापन पर समस्त सकल श्रीसंघ मिच्छामि दुक्कडम् कहेगा। प्रतिदिन प्रतिक्रमण के बाद शांतिनाथ युवा मंडल द्वारा आरती, भक्ति भावना और चैत्य परिपाटी भी आयोजित की जाएगी।

## गलता तीर्थ में गौशाला निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमि पूजन

### राधारानी व जानकी पार्कों के निर्माण के लिए 20-20 लाख देने की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फिनोवा कैपिटल और जयपुर जिला प्रशासन के संयुक्त सहयोग से जयपुर के प्राचीन तीर्थस्थल गलताजी धाम परिसर में एक भव्य एवं आधुनिक गोशाला के निर्माण हेतु भूमि पूजन नगर निगम हेरिटेज जयपुर की महापौर श्रीमती कुसुम यादव ने किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय गलता तीर्थ धाम परिसर में हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन व फिनोवा कैपिटल संयुक्त रूप से निर्माण की जा रही गौशाला के लिए भूमि पूजन हुआ है। गौ-संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरंभ की गई यह महत्वाकांक्षी पहल क्षेत्र में पशु कल्याण और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देगी। नवनिर्मित गौशाला में गौ माता के संरक्षण हेतु अत्याधुनिक सुविधाएं सहित स्वच्छ जल एवं चारे की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम हेरिटेज जयपुर महापौर ने नगर निगम हेरिटेज की ओर से गलता तीर्थ परिसर मे 20-20 लाख रुपये की लागत से दो पार्क राधारानी व जानकी के निर्माण की घोषणा भी की है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलेक्टर जयपुर को जब से गलता तीर्थ का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रशासक नियुक्त किया गया है। तब से गलता तीर्थ परिसर को भव्य व सुव्यवस्थित करने का निरन्तर प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस कड़ी में फिनोवा कैपिटल के सीएसआर मद करीब 12 लाख से 60×80 वर्ग फुट क्षेत्र भूमि पर गलता तीर्थ परिसर में रह रही 40 से 50 गौवंश के लिए सुव्यवस्थित भव्य व आधुनिक गौशाला का निर्माण किया जा रहा है।



इस अवसर पर नगर निगम हेरिटेज जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र यादव, नगर निगम आदर्श नगर जयपुर के डीसी युगान्तर शर्मा, देवस्थान विभाग जयपुर के सहायक आयुक्त प्रथम रतन लाल योगी, देवस्थान विभाग जयपुर के सहायक आयुक्त द्वितीय महेन्द्र देवतवाल व फिनोवा कैपिटल के प्रतिनिधि अर्पित गुप्ता सहित श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## डीपीएस उदयपुर की आलिया का वेस्ट जोन स्विमिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की तैराक आलिया सक्सेना ने भोपाल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन स्विमिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर तीन पदक जीते और विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रशिक्षक दीपक पँवार ने बताया कि पहले दिन आलिया ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। दूसरे दिन उन्होंने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक हासिल कर सीबीएसई नेशनल चौंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। अंतिम दिन इंडिविजुअल मेडले में भी उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया।

प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आलिया ने दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर न केवल स्कूल को गौरवान्वित किया, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता की राह प्रशस्त की है।

# जेडीए ने सड़क सीमाओं में आ रहे अतिक्रमणों को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-5 में त्रिवेणी नगर, सीताराम नगर में जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-6 में बेनाड़ रेल्वे स्टेषन के सामने षिव शक्ति विहार के भूखण्ड संख्या 64 में किये गये अवैध निर्माण की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही गई। जोन-7 में यातायात पुलिस, नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत गांधीपथ व किरण पैलेस होटल के आस-पास रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-4 में चन्द्रकला कॉलोनी में रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-1 में एस.एम.एस. से स्टेच्यू सर्किल तक पृथ्वीराज रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। एवं जोन-3 में लालकोठी योजना अण्डर पास से लक्ष्मी मंदिर सिनेमा तक रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर, सीताराम नगर में जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी-झोपडियां, टीनषेडनुमा कोठरियां, तिरपाल, बास-तम्बू, छप्पर पौष, कच्चे-पक्के मकान, लोहे का क्योस्क इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को उपनियंत्रक प्रवर्तन गौरी शंकर की मौजुदगी में आज जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-06 के क्षेत्राधिकार में बेनाड़ रेल्वे स्टेषन के सामने षिव शक्ति विहार के भूखण्ड संख्या 64 में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 19.08.2025 को उक्त अवैध निर्माण के प्रवेष द्वारों खिडकियां इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवार चुनवाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

# इन्दिरा गांधी फीडर में 4 में से 2 समूहों में चलेंगी नहरें

## किसानों की मांग से विधायकों द्वारा अवगत करवाने पर जल संसाधन मंत्री ने दिए मुख्य अभियंता को निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** इन्दिरा गांधी फीडर में 4 में से 2 समूहों में नहरें चलेंगी। इस संबंध में किसानों की मांग से विधायकों द्वारा अवगत करवाने पर जल संसाधन मंत्री ने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया है। अभी इन्दिरा गांधी नहर परियोजना में 28 मई 2025 से 3 में से 1 समूह में नहरों का रेगुलेशन संचालित कर सिंचाई पानी दिया जा रहा है। बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। बांधों की सुरक्षा की दृष्टि से बीबीएमबी के द्वारा बांधों से लगभग 75000 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। 18 अगस्त 2025 को हुई बीबीएमबी की तकनीकी समिति की बैठक में प्रस्तुत वर्षा के पूर्वानुमानों के मध्यनजर बांधों से निकासी की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। पंजाब द्वारा हरिके हैड के अपस्ट्रीम के बंधों की सुरक्षा के मद्देनजर हरिके हैड पर 690.90 से घटाकर पौंड लेवल 688.30 फीट किया हुआ है, जो और कम किया जा सकता है। इन्दिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र से विधायक श्री विश्वनाथ मेघवाल, विधानसभा क्षेत्र खाजूवाला एवं श्री चन्द बिश्नोई, किसान प्रतिनिधि द्वारा खरीफ फसलों के लिये पानी की आवश्यकता एवं गर्म मौसम का हवाला देते हुए कृषकों की खरीफ फसल हेतु इन्दिरा गांधी नहर परियोजना में 4 में से 2 समूह में नहरें चलाकर पानी दिये जाने की मांग जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत से की गई। जल संसाधन मंत्री द्वारा किसानों की मांग पर त्वरित कार्यवाही हेतु मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। इस पर क्षेत्र के कृषकों की खरीफ फसल के लिए पानी की आवश्यकताओं को देखते हुए इन्दिरा गांधी फीडर में 4 में से 2 समूह में नहरें चलाने का निर्णय लिया गया है। व्यर्थ बहकर पाकिस्तान जाने वाले पानी एवं पंजाब में नदियों के तटबंधों की सुरक्षा को दृष्टिगत रख राज्य सरकार द्वारा पंजाब सरकार से बातचीत कर इन्दिरा गांधी नहर परियोजना हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चितता की जायेगी। राज्य सरकार क्षेत्र के काश्तकारों को सिंचाई पानी की आवश्यकता के अनुरुप पानी उपलब्ध करवाये जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

# विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'पीस एजुकेशन' कार्यक्रम का सफल समापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में द प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो-दिवसीय पीस एजुकेशन कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन कुल 76 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने तनाव प्रबंधन और आंतरिक शांति के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा। आज के सत्र का मुख्य विषय गरिमा, आशा और तृप्ति था, जिसने छात्रों को आत्म-सम्मान, सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन में संतुष्टि के महत्व को समझने में मदद की। इस दौरान, छात्रों ने इस कोर्स के कंटेंट में गहरी रुचि दिखाई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं। कोर्स पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम के समापन समारोह में, यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. आर. सी. त्रिपाठी ने प्रेम रावत फाउंडेशन के स्वयंसेवकों—श्री रजनीश कुमार, श्री वी. एम. पाठक, श्री नंदकिशोर तिवारी,श्रीमती रश्मि गुप्ता आऔर अनुनय गोठवाल—को स्मृति चिन्ह (मीमेंटो) देकर सम्मानित किया। डॉ. त्रिपाठी ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, प्रेम रावत फाउंडेशन का यह कोर्स छात्रों के लिए तनाव प्रबंधन में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है।

## दैनिक बढ़ता राजस्थान की खबर का असर

# परिवहन विभाग ने उठाई 19 साल पुरानी स्कूल बस



19 साल पुरानी स्कूल बस से बच्चों का परिवहन आरसी सस्पेंड, फिटनेस-इंश्योरेंस खत्म, फिर भी विभाग मौन

बढ़ता राजस्थान

किसी बड़े हादसे का इंतजार?

विशेषज्ञों की राय

बच्चों की सुरक्षा से बड़ा खिलवाड़

विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** 'दैनिक बढ़ता राजस्थान' में प्रकाशित खबर '19 साल पुरानी स्कूल बस से बच्चों का परिवहन – आरसी सस्पेंड, फिटनेस-इंश्योरेंस खत्म, फिर भी विभाग मौन' का बड़ा असर हुआ है। खबर सामने आते ही परिवहन विभाग हरकत में आया और मंगलवार को डीटीओ सुनील कुमार सैनी के निर्देशन पर आरटीओ नरेश कुमार ने कार्रवाई करते हुए आदर्श नगर स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल से 19 साल पुरानी खटारा बस को उठवा लिया।

जानकारी के अनुसार यह बस पिछले कई वर्षों से बिना फिटनेस, टैक्स और इंश्योरेंस के ही बच्चों को ढो रही थी। समाचार के प्रकाशन के बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची और कागज़ात की जांच की। रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट पहले से ही सस्पेंड और अन्य सभी दस्तावेज़ एक्सपायर पाए जाने पर बस को तुरंत जब्त कर लिया गया।

### अभिभावकों ने जताई राहत

बस उठाए जाने की खबर फैलते ही स्थानीय अभिभावकों ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता कम हुई है। उन्होंने अखबार और प्रशासन दोनों का आभार जताया।

एक अभिभावक ने कहा हमने कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर मीडिया ने यह मामला उजागर न किया होता तो शायद आज भी यह बस बच्चों की जान खतरे में डालती रहती।

### अधिकारियों की सख्ती

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने साफ किया है कि नियमों के विपरीत चल रही बस को जब्त कर लिया गया है और आगे जांच में स्कूल प्रबंधन की लापरवाहियाँ साबित होने पर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आगे की उम्मीद

हालांकि बस उठाए जाने से बच्चों की सुरक्षा फिलहाल सुनिश्चित हो गई है, लेकिन यह सवाल अब भी बाकी है कि इतने लंबे समय तक विभागीय निगरानी के बावजूद यह बस कैसे चलती रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उम्मीद है कि विभाग क्षेत्र की अन्य स्कूली बसों की भी जांच करेगा ताकि बच्चों की जान जोखिम में न रहे।

# कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन

## कोटपूतली से चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सोमवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी संगठन महासचिव ललित तुनवाल ने की। इस मौके पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास महला के नेतृत्व में पदाधिकारियों व सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में संगठन की मजबूती के लिये प्रस्ताव तैयार किये गये। साथ ही प्रतिमाह पीसीसी कार्यालय में बैठक का आयोजन किये जाने पर चर्चा की गई। संचालन प्रदेश कार्यालय प्रभारी कृष्ण शर्मा ने किया। इस दौरान पीसीसी सचिव पंकज दाधीच, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीना, यशपाल भाटिया, डॉ. सियाराम सैनी, डॉ. सुनील राघव, डॉ. गणेश गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहें।

# श्री जयसिंह गौशाला कार्यकारिणी की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के बानसूर रोड पर स्थित श्री जयसिंह गौशाला में मंगलवार को अध्यक्ष सुरेश पायोनियर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में, कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।मुख्य निर्णय:सदस्यता अभियान: यह तय किया गया कि कार्यकारिणी का चुनाव सदस्यों को शामिल करके कराया जाएगा। इस सदस्यता अभियान के संयोजक पार्षद मनोज गौड़ रहेंगे।समय सीमा: सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 30 अक्टूबर तक चलेगा।सदस्यता शुल्क: चुनाव में भाग लेने के लिए एक चुनाव सत्र (दो वर्ष) के लिए सदस्यता शुल्क 1100 और आजीवन सदस्यता शुल्क 5100 रखा गया है। पुराने सदस्य जो लोग पहले से ही गौशाला के आजीवन सदस्य हैं, उन्हें वर्तमान में बनने वाली मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।चुनाव अधिकारी: चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सुरेश मोठुका और एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची: गौशाला की कार्यकारिणी 5 नवंबर तक चुनाव अधिकारियों को मतदाता सूची उपलब्ध करा देगी, जिसके बाद चुनाव अधिकारी चुनाव की तारीख की घोषणा करेंगे।इस बैठक में गौशाला के संरक्षक मोजीराम गुर्जर, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, महामंत्री नंदलाल जोशी, सह महामंत्री दिनेश सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, राजू पायला, घनश्याम अथोनिया, और प्रहलाद बंसल जैसे प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे।



# तिरंगा रैली का जगह-जगह हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** प्रताप नगर सांगानेर स्थित एसएस पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्टूडेंट्स, टीचर्स एवं वरिष्ठजन शामिल रहे। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. ओपी टांक के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ड 98 के भाजपा अध्यक्ष राकेश यादव ने झंडा दिखा कर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया।

वहीं कॉलोनी वासियों ने रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर भामाशाह सुरेश प्रजापत, रमेश स्वामी, मुकेश प्रजापत, बबलू स्वामी व अजय बैरवा ने बच्चों को अल्पाहार कराया। तिरंगा रैली शाला निदेशक एडवोकेट घनश्याम टेलर व प्रिंसिपल शिवपाल प्रजापत के नेतृत्व में निकाली गई।

# लहरिया फ़ेस्ट सीजन 3 जयपुर में तेईस अगस्त को

## रंगों-संस्कृति और राजस्थान की आत्मा का होगा उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एम्प्रेस क्लब की ओर से भव्य लहरिया फ़ेस्ट का तीसरा सीज़न तेईस अगस्त को जयपुर के वैशाली नगर स्थित महल रजवाड़ा रिजॉट में आयोजित होने जा रहा है। जो राजस्थान का सबसे बड़ा और अनोखा सांस्कृतिक उत्सव होगा । इस बार यह आयोजन और भी खास होगा क्योंकि जयपुर की आठ सौ से अधिक महिलाएं इसमें शिरकत कर रही हैं और राजस्थान की लोक परम्पराओं व लहरिया की रंगीन धारा को जीवंत बना रही हैं। इसी कार्यक्रम के चलते मंगलवार को पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान पवन गोयल (एमडी सफारी ग्रुप), खुशबू शर्मा (डायरेक्टर, एम्प्रेस क्लब), नीता अग्रवाल (एम्प्रेस क्लब), श्वेता मेहता मोदी (डायरेक्टर, स्मार्ट सर्किल ग्रुप), वर्तिका जैन, शानू महर्षि और प्रवासी संघ राजस्थान प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनियां सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इंप्रेस क्लब की डायरेक्टर खुशबू शर्मा ने बताया कि लहरिया फ़ेस्ट सीजन 3 पर इस बार इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के टीवी की मशहूर अभिनेत्री और ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम लता सबरवाल जो कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। वहीं राजस्थान की प्रसिद्ध लोकगायिका मीना कुमारी राठौड़ और मधु भट्ट अपने सुरों से राजस्थानी लोक संगीत की महक बिखेरेंगी। इंप्रेस क्लब की नीता अग्रवाल ने बताया कि लहरिया फ़ेस्ट सीजन 3 केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि नारी शक्ति, परंपरा और एकता का संगम है। रंग-बिरंगी प्रदर्शनी, पारंपरिक नृत्य-संगीत, लोक कला और सांस्कृतिक आकर्षण इस उत्सव की खास पहचान होंगे। एम्प्रेस क्लब की ओर से कहा गया है कि लहरिया केवल एक परिधान नहीं, बल्कि राजस्थान की रूह है - एकता, संस्कृति और शाश्वत सौंदर्य का प्रतीक। इस फ़ेस्ट के ज़रिए हमारा उद्देश्य है परंपरा को पुनर्जीवित करना और महिलाओं को एक ऐसा मंच देना जहाँ वे जुड़ सकें, खुद को व्यक्त कर सकें और उत्सव का आनंद ले सकें। यह उत्सव रंगों, संगीत, उत्साह और सांस्कृतिक गर्व से भरपूर होगा और निश्चित ही जयपुर के त्योहारों की सूची में एक अनूठा आकर्षण साबित होगा।

# ग्राम विकास अधिकारी चार हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर शहर ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत पूनासर खुर्द तहसील बापिणी जिला फलोदी के ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वर लाल को चार हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि परिवादी के माता के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी व तीसरी किस्त जारी करने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वरलाल दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वरलाल को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वरलाल इससे पूर्व मांग सत्यापन में 4 हजार रुपये एवं 2 हजार रुपये मांग सत्यापन से पूर्व परिवादी से प्राप्त कर लिए थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को मिला 36वां देहदान

## जैन सोशल ग्रुप का 300वां देहदान, विद्यार्थियों को मिलेगा अध्ययन और शोध का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। संस्थान को हाल ही में 36वां देहदान प्राप्त हुआ। यह देहदान शहर के समाजसेवी श्री निर्मल पिपाड़ा ने अपनी पत्नी श्रीमती अरुणा जैन (आयु 67 वर्ष) का किया। उल्लेखनीय है कि यह देहदान जैन सोशल ग्रुप (छ्वस्त्र) सेंट्रल संस्थान की प्रेरणा और सहयोग से सम्पन्न हुआ तथा समूह का यह 300वां देहदान भी रहा।

देहदान को लेकर आयोजित विशेष कार्यक्रम में संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि देहदान करना किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत साहसिक और प्रेरणादायी कदम है। यह निर्णय आसान नहीं होता, लेकिन समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका महत्व अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर को समझे बिना चिकित्सा अधूरी है और चिकित्सा शिक्षा में देहदान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को देहदान के माध्यम से शरीर की अंग प्रणाली, संरचना और कार्यप्रणाली का गहन ज्ञान प्राप्त होता है। इसका सीधा लाभ सर्जरी और शोध कार्यों में होता है।

प्रो. शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने देहदानों से प्राप्त शरीरों के अध्ययन के लिए विशेष संग्राहलय एवं अत्याधुनिक प्रयोगशाला (लैब) विकसित की है। यहां विद्यार्थी और शोधकर्ता व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इस प्रयोगशाला को देखने के लिए देश-विदेश से छात्र एवं शोधार्थी आते हैं। यह सुविधा संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है और आयुर्वेद शिक्षा को आधुनिक शोध दृष्टिकोण से जोड़ने का कार्य करती है।

देहदान उपरांत आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और अधिकारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे इस महान कार्य का सदैव सम्मान करेंगे और देहदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाएँगे। संस्थान की परंपरा के अनुसार, स्व. श्रीमती अरुणा जैन की स्मृति में बकुल पौधा रोपण भी किया गया। संस्थान के धन्वंतरि उपवन में संचालित महर्षि दधिची देहदान वाटिका में प्रत्येक देहदान की स्मृति स्वरूप पौधारोपण किया जाता है, जिसकी नियमित देखभाल भी की जाती है।

कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि आम तौर पर समाज में देहदान के मामले कम सामने आते हैं, लेकिन समाजसेवी संगठनों और जागरूकता अभियानों से लोगों में इसके प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। जैन सोशल ग्रुप के सहयोग से यह 300वां देहदान होना न केवल संस्थान बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है।



संस्थान ने इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान, कमल सचेती और सभी सदस्यों सहित स्व. अरुणा जैन के पति निर्मल पिपाड़ा का आभार व्यक्त किया। कुलपति ने कहा कि पिपाड़ा का यह निर्णय विद्यार्थियों के अध्ययन और अनुसंधान के लिए अमूल्य योगदान है। यह कदम समाज को भी प्रेरित करेगा कि अधिक से अधिक लोग देहदान जैसे महादान की ओर आगे आएं।

## सम्पादकीय

# समूची दुनिया में मौसम के बिगड़ते स्वरूप को लेकर जताई जा रही है चिंता, उत्तराखंड-कश्मीर-हिमाचल और मुंबई में आफत की बरसात

मौसम की अपनी गति होती है और सामान्य स्थितियों में वह पारिस्थितिकी चक्र को बनाए रखने का एक जरूरी हिस्सा होती है। मगर पिछले कुछ समय से इसके स्वरूप में तेजी से बदलाव दर्ज किया जा रहा है और खासतौर पर बारिश की वजह से होने वाली तबाही की तस्वीर ज्यादा बिगड़ती जा रही है। यों हर वर्ष मानसून के पूरे मौसम में बारिश की वजह से देश के ज्यादातर हिस्से कम या ज्यादा प्रभावित होते हैं, लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि बरसात अब बेलगाम हो रही है और तबाही का सिलसिला-सा बनता जा रहा है। पिछले दिनों उत्तराखंड के धराली और हर्षिल में, फिर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और उससे हुई जानमाल की भारी तबाही की जैसी घटनाएं हुई, उन्होंने देश के बाकी हिस्सों के लोगों को भी दहला दिया। अब कश्मीर के कठुआ में भी बादल फटने और भूस्खलन की घटना में सात लोगों की जान चली गई। दूसरी ओर, मुंबई में लगातार तीन दिन की बारिश के बाद हालत यह हो गई, मानो शहर में बाढ़ आ गई हो। वहां कई इलाकों में जलभराव की वजह से जनजीवन पूरी तरह बाधित हो गया, कई जिलों में चेतावनी जारी कर दी गई है। वहीं मराठवाड़ा क्षेत्र में बादल फटने की घटना में नांदेड़ के पांच लोगों के लापता होने की खबर आई।

**बार-बार बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही-** इसी तरह, हिमाचल प्रदेश के मंडी सहित कई इलाकों में जिस तरह लगातार बार-बार बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे समूची स्थानीय आबादी के सामने किसी तरह खुद को बचाने की चुनौती खड़ी हो रही है। यह समझना मुश्किल हो रहा है कि कम या ज्यादा बरसात वाले जिस मानसून को देश की खेती-किसानी के लिए एक जरूरत के तौर पर देखा जाता था, अब वह कई राज्यों में व्यापक तबाही का कारण क्यों बन रहा है। कई इलाकों में अब बारिश के समांतर बादल फटने की घटना में भी इतनी तेजी से बढ़ोतरी क्यों देखी जा रही है? दूसरी ओर, कई शहरों में एक-दो घंटे की बरसात में ही सब कुछ ठहर-सा जाता है और चारों ओर बाढ़ का दृश्य बन जाता है। यह निश्चित रूप से अनियोजित शहरी विकास का नतीजा है, जहां बहुत अच्छी सड़कें तो बना दी जाती हैं, लेकिन पानी के निकास का उचित और पर्याप्त इंतजाम नहीं किया जाता है। नतीजतन, दिल्ली जैसे महानगर का बड़ा हिस्सा कुछ देर की घनघोर बरसात में ही जलभराव, सड़क जाम से त्रस्त हो जाता है और पेड़ों के गिरने से होने वाले जानमाल के नुकसान की अनेक घटनाएं सामने आती हैं।

**वैश्विक तापमान का नतीजा**-हालांकि समूची दुनिया में मौसम के बिगड़ते स्वरूप को लेकर चिंता जताई जा रही है और इसे वैश्विक तापमान का नतीजा माना जा रहा है। इस मसले पर वैज्ञानिक अध्ययनों में बारिश के बेलगाम होने और उससे तबाही की मूल वजहों की खोज की जा सकेगी और फिर उसी मुताबिक उसका सामना करने के उपाय भी ढूंढ़े जाएंगे। प्राकृतिक आपदाओं को शायद रोका नहीं जा सकता है, लेकिन उससे बचाव के उचित इंतजाम किए जाएं, तो तबाही से जानमाल के नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

**मौसम का बदलता मिजाज और बढ़ती त्रासदियां, वो चेतावनी जिसे हम अब भी अनसुना कर रहे हैं-** विडंबना यह है कि पहाड़ी इलाकों में नदियों के किनारे आबादी बस जाती है, पर्यटन के लिहाज से बड़े होटल बना लिए जाते हैं, लेकिन इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अगर कभी मौसम की वजह से नदी का रुख बिगड़ा तो उससे बचना कैसे मुमकिन होगा।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 20 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- उत्तरी इजीरयली शहर अक्को में राजा रिचर्ड प्रथम ने 20 अगस्त 1191 में 3000 मुस्लिम कैदियों की हत्या करवाई।
- पूर्वी एशिया से डच ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला जहाज 1597 में वापस आया।
- इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच 20 अगस्त 1641 में शांति समझौता हुआ।
- राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन 1828 में कलकत्ता (अब कोलकाता) में संपन्न हुआ।
- रोनाल्ड रॉस ने 1897 में कलकत्ता(अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
- फ्रांस के एडोल्फ 1913 में पेगोड पैराशूट के जरिए विमान से उतरने वाले पहले पाइलट बने।
- मोप्ला् विद्रोह 1921 में केरल के मालाबार क्षेत् में शुरू हुआ।
- यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को 1949 में अंगीकार किया गया।
- फ्रांसीसी सेनाओं ने 1953 में मोरक्को के सुल्तान सीदी मोहम्मद बिन यूसुफ को गददी से हटाया।
- मोरक्को और अल्जीरिया में 1955 को फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
- ओहियो में विल्बरफोर्स यूनिवर्सिटी की स्थापना 1856 में हुई।
- सोवियत संघ ने 1962 में नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- तत्कालीन सोवियत रुस ने 1972 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका के वोयागेर दो अंतरिक्षयान को 1977 में प्रक्षेपित किया गया।
- प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने 1979 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का 1988 में हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक खान राष्ट्रपति बने।
- भारत और नेपाल में 1988 को 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
- उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने 1991 में तत्कालीन सोवियत रुस संघ से अलग होने की घोषणा की।
- सं.रा.अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को 1994 में आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
- पुरूषोत्तम एक्सप्रेस और कालिंदी एक्सप्रेस के आमने सामने की टक्कर में 1995 को 350 लोगों की मौत हो गई।
- लिएंडर पेस ने 1998 में पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
- स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने 2001 में स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।
- फ़िलिस्तीन छापामार नेता अबू निदाल 2002 में मरा पाया गया।
- फ़ोर्ब्स पत्रिका ने 2004 में विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की उनमे अमेरिका की कोंडोलीजा राइस, चीन की वू यी तथा भारत की सोनिया गांधी क्रमश- प्रथम तीन स्थानों पर।
- भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध कलाकार अरुणा साई राम को 2008 में अमेरिका में विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।

## 20 अगस्त राजीव गांधी जयंती विशेष आलेख

# भारत में कंप्यूटर और टेलीकॉम क्रांति के जनक-राजीव गांधी



सुनील कुमार महला



20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, इस दिन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म हुआ था। पाठकों को बताता चलूं कि राजीव गांधी (20 अगस्त 1944 - 21 मई 1991) को भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के प्रवर्तक/शिल्पकार के रूप में याद किया जाता है। वे आधुनिक भारत के ऐसे नेता थे जिन्होंने परंपरागत राजनीति में नवाचार, तकनीकी सोच और युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी, लेकिन उनके जीवन और कार्यों से जुड़ी कई खास बातें ऐसी हैं, जो आम तौर पर कम ही लोग जानते हैं।राजीव गांधी राजनीति में नहीं आना चाहते थे।दरअसल, वे पेशे से पायलट थे और इंडियन एयरलाइंस में काम करते थे। इंदिरा गांधी की असमय मृत्यु और संजय गांधी के निधन ने उन्हें राजनीति में आने पर मजबूर किया। महज़ 40 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बनने वाले वे भारत के इतिहास के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे।उन्होंने लंदन के इंपीरियल कॉलेज और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज में पढ़ाई की, लेकिन इंजीनियरिंग की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी थी। सोनिया गांधी से उनकी मुलाकात कैम्ब्रिज में एक इटैलियन रेस्टोरेंट में हुई थी, और दोनों का विवाह 1968 में हुआ। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे बहुत ही सादगी पसंद थे तथा उनके दोस्त उन्हें राजा कहकर बुलाते थे।आज हम डिजिटल इंडिया की ओर अग्रसर हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते होंगे कि राजीव गांधी ही हमारे देश में कंप्यूटर क्रांति के असली जनक माने जाते हैं। दूसरे शब्दों में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि देश में %कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी% की नींव रखने का असली श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्हें कंप्यूटर, संचार और सूचना तकनीक से खास लगाव था। उनके प्रयासों से भारत में कंप्यूटर और टेलीकॉम क्रांति की शुरुआत हुई। हालांकि, 1980 के दशक में कंप्यूटर लाने के कारण उनका खूब विरोध भी हुआ था।उनके कार्यकाल में भारत में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया। युवाओं के लिए 18 वर्ष की उम्र में उन्हें मतदान का अधिकार दिलवाना उनका एक बहुत बड़ा कदम था। सच तो यह है कि उनका यह कदम युवाओं को राजनीति में सीधे तौर पर जोड़ने के लिए ऐतिहासिक माना जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 64वां संशोधन विधेयक (1989) राजीव गांधी सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से पेश किया गया था, लेकिन यह राज्यसभा में पारित नहीं हो सका था। तथा 65वां संशोधन अधिनियम, 1990, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग की स्थापना से संबंधित था, और इसमें विशेष अधिकारी के पद को हटा दिया गया था।64वें संविधान संशोधन विधेयक (1989) का उद्देश्य क्रमश: पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देना,उन्हें अधिक शक्तिशाली और व्यापक बनाना तथा राज्यों में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना था, वहीं दूसरी ओर 65वें संविधान संशोधन अधिनियम (1990) का उद्देश्य क्रमश: अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए एक बहु-सदस्यीय राष्ट्रीय आयोग की स्थापना करना, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष अधिकारी का पद हटाना तथा अनुसूचित जातियों और जनजातियों के कल्याण और विकास के लिए आयोग को अधिक प्रभावी बनाना था। सत्ता का विकेंद्रीकरण करने के लिए राजीव गांधी ने 73वां और 74वां संवैधानिक संशोधन लाने की पहल की तथा पंचायतों और नगरपालिकाओं को संवैधानिक मान्यता दी।इससे आम जनता को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अधिकार मिला। राजीव गांधी विदेश नीति में बहुत ही दूरदर्शी व्यक्तित्व थे और पड़ौसी देश श्रीलंका में शांति सेना(आइपीकेएफ) भेजना उनका बड़ा कदम था। हालांकि, यह विवादास्पद जरूर रहा, लेकिन वे क्षेत्रीय स्थिरता के पक्षधर थे।गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) और शांति प्रयासों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। इतना ही नहीं, उन्होंने देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी। इस क्रम में लाइसेंस-परमिट राज को कम करने और अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में पहल की तथा उद्योग और व्यापार को सरल बनाने के कदम उठाए। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार उन्हें फोटोग्राफी और पश्चिमी संगीत का गहरा शौक था तथा यात्रा में अक्सर अपना कैमरा साथ रखते थे। इतना ही नहीं, उन्हें मोटरबोटिंग और फ्लाइंग का भी शौक था। कहना ग़लत नहीं होगा कि वे भारत को 21वीं सदी में आधुनिक और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि उन्होंने दूरसंचार, टेक्नोलॉजी और शिक्षा में बड़े सुधार किए थे।एमटीएनएल और पीसीओ बूथों का नेटवर्क उन्हीं की पहल का नतीजा था। उन्होंने देश में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना कर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का अवसर दिया। साफ-सुथरी, बेदाग राजनीति के कारण मीडिया ने उन्हें 'मिस्टर क्लीन' की छवि प्रदान की थी। मरणोपरांत (वर्ष 1991) उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अंत में यही कहूंगा कि राजीव गांधी ने भारतीय राजनीति को पारंपरिक ढांचे से निकालकर आधुनिक युग की ओर मोड़ा। सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, पंचायत सशक्तीकरण और देश के युवाओं को राजनीति में जोड़ने का उनका प्रयास भारत के राजनीतिक इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। सच तो यह है कि उनकी दूरदृष्टि ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार किया।

# उपराष्ट्रपति के लिए राधाकृष्णन को आगे कर भाजपा ने विपक्ष को असमंजस में डाला



रामस्वरूप रावतसरे

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नाम पर भाजपा ने आम सहमति बनाने की शुरुआत कर दी है। भाजपा की कोशिश है कि उपराष्ट्रपति के चुनाव की नौबत ना आए और सर्वसम्मति से ही राधाकृष्णन को अगला उपराष्ट्रपति चुन लिया जाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए कॉन्ग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बातचीत की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि भाजपा उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष से बात करेगी। सभी विपक्षी दलों का समर्थन जुटाने की कोशिश में पूरी तरह से जुटी हुई है। हालाँकि, कॉन्ग्रेस ने इस पर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक, 21 अगस्त 2025 उपराष्ट्रपति के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने की आखिरी तारीख है। ऐसे में अगर आम सहमति नहीं बनती है तो विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई को अगले 1-2 दिन में ही अपने उम्मदीवार के नाम का ऐलान करना होगा। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया जाना है। भाजपा ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर विपक्ष का सिर दर्द बढ़ा दिया है। मूल रूप से तमिलनाडु से आने वाले और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का नाम भाजपा द्वारा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा लगातार दक्षिण भारत में विस्तार की कोशिश में लगी है। ऐसे में राधाकृष्णन का नाम भाजपा की सोची समझी चाल के तौर पर देखा जा रहा है। इसकी एक नहीं बल्कि कई वजहें हैं।

राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के बाद सबसे अधिक दुविधा में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन हैं। स्टालिन अब तक केंद्र के फैसलों का तमिल अस्मिता के नाम पर विरोध करते रहे हैं। अब अगर आईएनडीआई गठबंधन अपने उम्मीदवार का ऐलान करता है और वो तमिलनाडु से नहीं होता है तो तमिल अस्मिता का प्रश्न फिर स्टालिन को ही घेरेगा। अगर स्टालिन इस निर्णय पर एनडीए के साथ खड़े हो जाते हैं तो यह आईएनडीआई गठबंधन में टूट का स्पष्ट संकेत होगा। स्टालिन ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन उनकी पार्टी ने अपना नरम रुख दिखाना शुरू कर दिया है। विपक्षी गठबंधन की धुरी आज राहुल गांधी बन चुके हैं। लेकिन इस स्थिति में सबसे बड़ी चुनौती उन्हीं के सामने है। वे जिस विपक्षी एकजुटता का दावा करते हैं, वह राधाकृष्णन के नाम से डगमगा सकती है। 2022 का उदाहरण उनके सामने है. जब जगदीप धनखड़ को भाजपा ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था, तो ममता विपक्षी मंच पर होने के बावजूद समर्थन करने को मजबूर हो गई थीं। अब वही दुविधा ठाकरे और स्टालिन के सामने है। अगर वे एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन कर देते हैं, तो यह मैसेज जाएगा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन को एकजुट रखने में नाकाम है। राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठेंगे। आखिर उनके साथ खड़े होने वाले ही क्यों डगमगा जाते हैं? जानकारों के अनुसार मोदी और शाह की राजनीति की खासियत यह है कि वे चुनावी मुकाबले को सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं मानते, बल्कि उसे मनोवैज्ञानिक लड़ाई बना देते हैं। राधाकृष्णन का नाम घोषित कर वे एक तीर से तीन निशाने साध चुके हैं। उद्धव ठाकरे को मजबूर कर दिया कि वे विरोध न कर पाएं। स्टालिन को ऐसी स्थिति में डाल दिया कि कोई भी फैसला उनके लिए भारी पड़े। राहुल गांधी को कमजोर दिखा दिया, क्योंकि विपक्षी एकता अब सवालों के घेरे में आ गई। अगर उद्धव ठाकरे और स्टालिन जैसे बड़े चेहरे समर्थन की तरफझुकते हैं, तो विपक्षी गठबंधन में दरार साफ दिखाई देगी। उनके वोट भी कम हो जाएंगे। राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में लंबे वक्त तक राजनीति की है। वे दो बार के सांसद रहे हैं और तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष भी रहे हैं।

## तरबूज का मर्डर
बढ़ता राजस्थान



**आप सोच रहे होंगे कि आज ये क्या नया कंटेन्ट ले आए रूपक भाई,भला तरबूज का मर्डर भी हो सकता है क्या?**

लेकिन एक मार्मिक कहानी से समझियेगा जरा। दो भाई थे दोनों मिलकर रहते थे। बड़ा भाई का चलता हुआ बढिया काम था छोटे भाई का खुल्ला प्राईवेट काम था,सब मिलकर रहते थे। बडा भाई उदार था हालांकि छोटे भाई में प्रेम रखता था लेकिन बडा ज्यादा भावुक था। बड़ा जानता था कि छोटे भाई के पास व्यवस्थाए नाकाफी हैं इसलिए गर्मियों के सीजन में हर संडे एक बडा तरबूज ले आता था,सब घरवाले मिलकर खाते थे,बडे भाई को तरबूज काफी पसंद था। तरबूज खाने के बाद छिलके घर के बाहर चबूतरे पर डाल देते थे गाय आती तो गर्मी में उसे भी छिलकों पर लगा तरबूज मिल जाता,वो शायद दुआए देकर जाती होगी। समय के पंख लगे और दोनों के बच्चे बड़े होने लगे। अब छोटे भाई की सरकारी नौकरी लग गई,ऐसे में छोटा भाई अब अपने परिवार की ख्वाहिशे पूरी करने लगा,लेकिन चोरी छिपे। एक दिन छोटा भाई सिर्फ अपने बच्चों के लिए आम ले आया। बडे भाई की तबियत खराब थी तो दोपहर में ही आ गया,उसने देखा कि अपने कमरे में छोटा भाई अपने बच्चों के साथ आम खा रहा था। बडे भाई के बच्चे व पत्नी कहने लगी कि आप इन लोगों के लिए तरबूज लाते हो, देख लो अपने परिवार के लिए आम लाया है,एक आम भी यहां नही दिया, एक आप हो जो इनके लिए मरे जाते हो..। बस मित्रों तरबूज का उसी दिन मर्डर हो गया। काफी दिनों तक हर सन्डे को गाय आती पर उसे चबूतरे पर छिलके नहीं मिलते । गाय मूक जरूर है पर समझती है कि यहाँ भी तरबूत की हत्या हो चुकी है। अब गाय ने भी आना छोड दिया। उसे पता चल गया कि ये परिवार भी कलजुग की भेंट चढ़ गया। मित्रों ये एक बडा मर्म है इस घिनोने समाज का,माफ करना लेकिन सत्य नीम से भी अधिक कडवा होता है।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, बढ़ता राजस्थान, अलवर संस्करण**

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | 2 | 3 | | | | |
| 4 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| | | | | 7 | | 3 | 6 | |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 2 | 7 | | 6 | | | | 5 | |
| 5 | | 9 | | 8 | | 7 | | 3 |
| | | | | | | | | 5 |
| 8 | 5 | 6 | | | | 1 | 2 | 7 |
| | | | 5 | | 8 | | | 6 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 |
| 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 6 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृष**
शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**मिथुन**
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे।

**कर्क**
दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। धैर्य रखें।

**सिंह**
व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा।

**कन्या**
लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

**तुला**
निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**मकर**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी।

**कुंभ**
शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शुभ समय। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**मीन**
लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

## नेहा जैन का पोस्टल असिस्टेंट के पद पर हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई की नेहा जैन पुत्री ब्रजमोहन अग्रवाल का केंद्र सरकार के पोस्ट ऑफिस में पोस्टल असिस्टेंड (पी.ए ) के पद पर चयन हुआ है। ब्रजमोहन अग्रवाल ने बताया कि नेहा का पोस्ट ऑफिस में पोस्टल असिस्टेंड (पी.ए. ) के पद पर चयन महाराष्ट्र के पुणे शहर में हुआ है। नेहा ने बताया कि नियमित 6 घंटे पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि मैंने पहली बार ही कंपीटिशन दिया था और उसमें ही मेरा चयन हुआ है। उन्होंने इसका श्रेय अपनी माता सावित्री देवी व पिता ब्रजमोहन अग्रवाल को दिया है। इस दौरान लालचन्द, कैलाश, राजेन्द्र अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, पवन व श्याम अग्रवाल ने नेहा को मिठाई खिला कर बधाई दी।

## स्टेट जूड़ो प्रतियोगिता ग्राम सोड़ा में पारितोषिक वितरण के साथ सम्पन्न,

**टोंक जिले के पांच खिलाड़ियों ने जीते मैडल**

**प्रमुख शासन सचिव नीरज के. पवन ने विजेताओ को सौंपे मैडल**



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राज्य स्तरीय सब-जूनियर जूड़ो प्रतियोगिता जिले के मालपुरा उपखण्ड के ग्राम सोड़ा में मंगलवार को पारितोषिक वितरण के साथ सम्पन्न हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख शासन सचिव युवा एवं खेल तथा अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रिडा परिषद राजस्थान के नीरज के. पवन रहे। इस मोके पर नीरज के. पवन ने जूड़ो खेल के स्टेट प्रतियोगिता आयोजन की सराहना करते हुये टोंक जिले को जूड़ो मैटस देने की घोषणा की। प्रमुख शासन सचिव द्वारा विजेता सभी जुडों खिलाडियो को मैडल प्रदान किये गये। संघ के महासचिव महीपाल ग्रेवाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजस्थान राज्य जूड़ो संघ के सचिव राधेश्याम नावरिया एवं आयोजन सचिव प्रधान गुर्जर ने बताया कि राज्य जूड़ो जूड़ो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में भीलवाड़ा प्रथम व अजमेर द्वितीय स्थान पर रहा एवं बालक वर्ग में भीलवाड़ा प्रथम व हनुमानगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार टोंक जिले के पांच खिलाडियों ने मैडल प्राप्त किये है। संघ के अध्यक्ष सत्यनाराण गुप्ता ने आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर घनश्याम शर्मा, आयुष शर्मा, रूपनारायण जाट, नीम सिंह गुर्जर, हरि सैनी, शैतान सिंह, उमराव गुर्जर आदि मौजूद थे।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** पंचायत समिति परिसर में मालपुरा पंचायत समिति के सभी ग्राम विकास अधिकारियो की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की मालपुरा शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। सोमवार को क्षेत्र के सभी ग्राम विकास अधिकारीयो की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनाव अधिकारी के रूप में निर्वाचन अधिकारी के रूप में लोकेश चौधरी व संघ की जिला शाखा के प्रतिनिधि के रूप में जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी मौजुद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से संघ की मालपुरा शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में रमेशचन्द शर्मा को अध्यक्ष, कमलेश मीणा को उपाध्यक्ष, रामकिशन बाना को मंत्री, हंसराज थेपड़िया को कोषाध्यक्ष, संतोष सिंह को संयुक्त मंत्री, यादराम जाट को मीडिया प्रभारी व श्यामा बैरवा को महिला प्रतिनिधि के पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी खुशबू सैनी, हेमराज चौधरी व कालू सिंह को जिला प्रतिनिधि बनाया गया। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन हो जाने के बाद मौजुद सभी संघ के प्रतिनिधियो ने नए पदाधिकारियो का मालाऐं पहना कर स्वागत किया। इधरी संघ के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद रमेशचन्द शर्मा ने कहा कि संघ के सभी सदस्यो को साथ लेकर व सहयोग तथा टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा। साथ ही संघ के सभी सदस्य ग्राम विकास अधिकारियो के हितो की रक्षा की जाएगी।

## पलेई में अखंड ज्योत साथ भजन संध्या व महाप्रसादी का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( निर्भय मीना )।** पंचायत पलेई की सुख समृद्धि के लिए सुरसुरा से लाई गई तेजाजी महाराज की ज्योत भजन संध्या एवं विशाल महाप्रसादी का किया आयोजन। ब्लॉक अध्यक्ष किसान महापंचायत दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि पलेई ग्राम पंचायत एवं आसपास के क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं गांव में शांति रहे। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा तेजाजी धाम सुरसुरा जाकर तेजाजी की ज्योत पूजा अर्चना के साथ गांव लाई गई जिसे ग्रामीणों द्वारा गाजे बाजे एवं संगीत मय ढंग से लाया गया। महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया उसके पश्चात सभी ग्राम वासियों को महाप्रसाद जी का वितरण किया गया रात्रि में तेजाजी के स्थान पर गायक कलाकारों द्वारा भजन गायन किया गया जिसमें सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए इस प्रकार के आयोजन से आपस में भाईचारा बढ़ता है एवं सौहार्द का वातावरण बनता है इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

**ककोड़ के गर्ल्स स्कूल में हादसा**

# सरकारी-स्कूल के कमरे की छत गिरी, 3-फीट दूर थी छात्राएं : 4 साल से बंद पड़ा था कमरा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ककोड़ में बंद पड़े कमरे की छत गिर पड़ी। इससे अफरा तफरी मच गई टोंक के उनियारा उपखंड क्षेत्र के राजकीय गर्ल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल ककोड़ में करीब चार साल से बंद पड़े कमरे की छत मंगलवार को धमाके के साथ गिर पड़ी ।करीब 3 फीट दूरी पर बरामदे में क्लास 9 की छात्राएं टेस्ट दे रही थी, जहां छत के कंकड़ उछलकर पहुंचे। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं आई है। इस बीच उनियारा एसडीएम शत्रुघ्न सिंह गुर्जर ने गर्ल्स स्कूल के बच्चों को इसी कस्बे के बॉयज स्कूल में शिफ्ट करने के निर्देश दे दिए है। हादसा मंगलवार सुबह करीब 9.10 बजे हुआ। सोमवार शाम से रात तक क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी। इससे मौसम में नमी बनी हुई थी। राजकीय गर्ल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल ककोड़ में करीब 4 साल से बंद पड़े कमरे की मंगलवार सुबह करीब 9.10 बजे भरभरा कर छत धमाके के साथ गिर पड़ी।



स्ष्ठरूशत्रुघ्न गुर्जर, उनियारा सीबीईओ मीना लसारिया भी पहुंचे और जायजा लिया। इस स्कूल में करीब 125 छात्राओं का नामांकन है।



### हादसे के बाद स्कूल में मची अफरा-तफरी

हादसे के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। छात्राएं और स्टाफ डर कर दूर भागे। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के दौरान बंद पड़े कमरे से करीब 3 फीट दूरी पर कक्षा 9 की 20-25 छात्राएं टेस्ट दे रही थी। वे भी बाल बाल बचीं। हादसे के करीब 40 से 50 मिनट बाद टोंक से सीबीईओ सुनीता करनानी मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। फिर करीब डेढ़ घंटे बाद 10.43 बजे उनियारा

### 17 में से 15 कमरे जीर्ण शीर्ण अवस्था में

इस स्कूल में 17 कक्षा कक्षों में से करीब 15 कक्षा कक्ष जीर्ण-श्रीण अवस्था में है। तेज बारिश में अधिकांश कमरों की छते टपकती है। इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल रतन कंवर ने बताया कि स्कूल भवन की पूरी स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत करा रखा है। छात्रा टीया गौतम ने बताया कि बारिश के दिनों में स्कूल भवन की छत टपकती है।

### अधिकारी, अभिभावक व पुलिस पहुंची मौके पर

*कक्षा कक्ष की छत की गिरने से हुए धमाके जैसी आवाज़ सुनकर अफरा तफरी मच गई। परिजन, पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और छात्राओं को संभाला। किसी को कोई चोट नहीं आई तो राहत की सांस ली।बहुत पुराना है। काफी खस्ताहाल है। शाला प्रबंधन समिति को चाहिये था कि वह जर्जर कक्ष को प्रस्ताव लिये जाने के बाद ध्वस्त कराये, लेकिन उन्होंने तीन चार साल से इस कक्ष पर ताला तो लगा रखा था, लेकिन उसे ध्वस्त कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

### पहले से ही दिये हुए प्रशासन ने निर्देश

*एसडीएम उनियारा शत्रुध्न गुर्जर ने कहा कि जिला प्रशासन पहले से ही सतर्क है और जिस स्कूल में भी जर्जर कक्ष हैं, उन्हे खाली कर तालाबंदी कराये जाने के अलावा विद्यार्थियों व स्टाफ को नहीं जाने के लिये चेतावनी दी हुई है।*

# रणथम्भौर दुर्ग पर बाघ गणेश की चहल कदमी, दांये कंधे पर नजर आ रही गांठ

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर दुर्ग में बाघ गणेश यानी टी-120 ने चहल कदमी की। इस दौरान फिर से बाघ गणेश का वीडियो वायरल हुआ। वन्यजीव प्रेमियों ने दावा कि बाघ के दांये कंधे के पास करीब डेढ माह पहले नजर आई गुमट या गांठ अब बड़ी हो गई है। हालांकि वनविभाग ने इस बात को खारिज किया और जल्द ही इसके वीडियो और फोटो पर देहरादून की टीम के साथ बातचीत की बात कही। वन विभाग ने बताया कि रणथम्भौर दुर्ग पर सोमवार को बाघ ने मूवमेंट किया था। इस दौरान किसी ने बाघ की वीडियो बनाकर डाली और दांये कंधे के पास हो रही गांठ के बढ़ने का दावा किया। इस पर वनविभाग ने इस प्रकार की कोई समस्या से इंकार किया।

वन विभाग का कहना है कि दांये कंधे पर नजर आ रही यह गांठ पूर्व में देखी गई जितनी ही है। इसमें कोई अंतर नहीं है। बाघ को चलने-फिरने में भी कोई दिक्कत नहीं हो रही है। हालांकि वन अधिकारियों ने वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून के साथ होने



वाली वीसी में इसके वीडियो और फोटो उन्हें दिखाने की बात कही। ताकि बाघ को होने वाली किसी परेशानी से बचा जा सके।

### बाघिन मछली की वंशबेल है बाघ गणेश

बाघ गणेश यानी टी-120 रणथम्भौर की बाघिन टी-63 की संतान है। वहीं बाघिन टी-63, बाघिन कृष्णा यानी टी-19 की संतान है। बाघिन कृष्णा मछली यानी टी-16 की संतान है। ऐसे में बाघ गणेश मछली के परिवार से ताल्लुक रखता है। बाघ की उम्र करीब सात साल है।

### इनका कहना है

बाघ गणेश का किसी ने वीडियो भेजा है। फिलहाल बाघ को कोई प्रॉब्लम नहीं है। फिर भी एहतियात के तौर पर आगामी वीसी में हम वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून के साथ फोटो और वीडियो दिखाकर चर्चा करेंगे। यदि कुछ होता है तो निर्णय लिया जाएगा।

**-रामानंद भाकर**
**डीएफओ, वनविभाग**

मई के माह से ही बाघ के दांये कंधे पर गांठ देखी जा रही है। तीन-चार महीने से यह उतनी ही है। यदि बॉडी में कोई प्रॉब्लम होती तो इसकी जांच करवाएंगे। विभाग ने इसे आज तक ट्रेंकुलाइज भी नहीं किया है।

**-अनूप के आर**
**सीसीएफ, रणथम्भौर बाघ परियोजना**

## राजस्थान में ''गिव अप अभियान'' की ऐतिहासिक सफलता-

**27 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सब्सिडी**

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं कि अंतिम पक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में असल हकदारों को एनएफएसए में स्थान देने हेतु विभाग द्वारा गिव अप अभियान गत वर्ष 1 नवम्बर को शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने हेतु प्रेरित करना है ताकि गरीबों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। गिव अप अभियान के तहत प्रदेश भर में अब तक 27 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता के कारण पात्र वंचित खाद्य सुरक्षा से जुड़ पा रहे है। गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने एवं ईकेवाईसी न करवाने के कारण एनएफएसए में बनी रिक्तयों से 56 लाख 62 हजार 268 पात्र वंचितों को विभाग खाद्य सुरक्षा से जोड़ पाया है। उन्होंने कहा कि सक्षम लोगों का त्याग गरीबों के मुंह का निवाला बन रहा है। इस अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सूची में नई रिक्तियाँ बनने से सूची में जुड़े पात्र परिवारों को न केवल पोषण युक्त अन्न उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि उन्हें 25 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज, 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा एवं 450 रूपये में प्रतिवर्ष 12 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान में व्यापक जनभागीदारी को देखते हुए इसकी अवधि 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है।

## महिला डॉक्टर एवं इंटर्न यूनानी डॉक्टर के बीच हिजाब मामले में वैश्य समाज ने ज्ञापन सौंपा-



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र के लेबर रूम में एक वरिष्ठ महिला डॉक्टर एवं इंटर्न यूनानी डॉक्टर के बीच हुए विवादित घटना को लेकर जिला प्रमुख एवं अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष सरोज बंसल के नेतृत्व में वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन देकर इंटर्न यूनानी डाक्टर पर साम्प्रदायिक सोहार्द बिगाडने का आरोप लगाते हुये उस पर कार्रवाही की मांग की है। महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बीना जैन, प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला एवं युवा जिलाध्यक्ष राजेश मंगल ने बताया कि हाल ही में एक इंटर्न महिला डॉक्टर ने मातृ एवं शिशु कल्याण की एक वरिष्ठ महिला डॉक्टर से हिजाब पहनकर अस्पताल परिसर में कार्य करने के लिए तर्क वितर्क किया, साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने की मंशा से घटना का स्वयं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। महिला जिलाध्यक्ष रेखा जाजू, महिला जिला महामंत्री अंजली गुप्ता एवं टोंक शहर अध्यक्ष अंजलि शेखावटिया ने बताया कि एक डॉक्टर को अस्पताल के अंदर अपनी पहचान सार्वजनिक रखनी चाहिए। वरिष्ठ महिला डॉक्टर द्वारा इंटर्न यूनानी डॉक्टर को अस्पताल परिसर के नियम फॉलो करने के लिए ही कहा, लेकिन इंटर्न डॉक्टर ने प्रतिबंधित क्षेत्र में वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मिलकर उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कराने एवं भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो, इसकी प्रशासनिक व्यवस्था करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला मुख्य संरक्षक श्यामलाल जैन, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद काला, भगवानदास सेठी, महावीर प्रसाद जैन देवली, विनोद जैन, पंकज जैन, दिनेश जैन, प्रकाश जैन फुलेता, मुकेश जैन कल्ली, श्याम सुंदर विजयवर्गीय, लोकेश गुप्ता, केदार विजयवर्गीय, ज्ञान संघी, अशोक जैन, रवि मित्तल, बृजेश गर्ग, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष बंसल, सुंदर बंसल, ऋतुराज अग्रवाल, पवन जैन, संगीता मंगल, हेमलता खंडेलवाल, लक्ष्मी विजय, ज्योति विजय, शिक्षा विजय, शीला विजय, अंजू विजय, उषा मंगल, नेहा टिक्कीवाल, ज्योति सोनी, सीमा जैन, पुष्पा पारीक, अंजू मित्तल आदि मौजूद थे।

# विद्युत लोको शेड और नई ट्रेनों की मांग, संपर्क मार्ग खोलने का आग्रह

## क्षेत्रीय विकास मंच ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर/गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** क्षेत्रीय विकास मंच गंगापुर सिटी ने रेलवे विकास और आमजन की सुविधा से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कोटा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिया गया।

### पहला ज्ञापन- लोको शेड, नई रेल लाइन एवं ट्रेनों की मांग

मंच ने गंगापुर सिटी में विद्युत लोको शेड की स्थापना के लंबित प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड तक शीघ्र भेजने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि गंगापुर सिटी में रेलवे की लगभग 444 एकड़ भूमि, आधुनिक मार्शल यार्ड, कैरिज डिपो, रेलवे क्वार्टर, स्टाफ रूम और अन्य सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं, जिससे न्यूनतम लागत में लोको शेड स्थापित किया जा सकता है।

### दूसरा ज्ञापन- रेलवे कॉलोनी संपर्क मार्ग पुनः खोलने की मांग

मंच ने गंगापुर सिटी स्थित रेलवे लोको कॉलोनी क्षेत्र में आमजन के लिए उपयोग होने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों जैसे सवाई माधोपुर



रोड, उमरी गांव मार्ग, स्वर्ग आश्रम रोड एवं अन्य कॉलोनियों के रास्तों को बंद किए जाने का विरोध किया।

ज्ञापन में कहा गया कि इन मार्गों के बंद होने से विद्यार्थियों, बुजुर्गों और आपातकालीन सेवाओं को गंभीर असुविधा हो रही है। मंच ने यह भी बताया कि कोटा, जयपुर, आगरा ईदगाह और बयाना जैसे शहरों में रेलवे कॉलोनियों में संपर्क मार्ग खुले रहते हैं, वहीं गंगापुर सिटी में इसके विपरीत कदम उठाया जा रहा है। मंच ने मांग की कि रेलवे प्रशासन और राज्य सरकार मिलकर वैकल्पिक सुरक्षा उपायों के साथ इन मार्गों को पुनः खोले।

### मंडल रेल प्रबंधक का आश्वासन

ज्ञापन देने के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि क्षेत्रीय विकास मंच की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन गंगापुर सिटी की जरूरतों और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने के लिए प्रयासरत है। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्रीय विकास मंच के संस्थापक संयोजक डॉक्टर हेमंत शर्मा, मंच के अध्यक्ष श्याम लाल मीणा, ईश्वर लाल शर्मा, मटरुमल मीणा, ज्ञानेश्वर मीणा चोखेलाल वर्मा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश चंद शर्मा ,नरेश दुबे ओमप्रकाश शर्मा , याकूब खान , दुर्गेश शर्मा , धनेश शर्मा , राजेंद्र कुमार शर्मा , घनश्याम मेठी ,सी बी शर्मा , रामकिशोर गर्ग आदि लोग शामिल थे ।

## ऑल राजस्थान कराटे चैंपियनशिप में जिले के 11 खिलाडियों ने जीता मेडल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ऑल राजस्थान कराटे चैंपियनशिप 2025 का जोबनेर में आयोजन हुआ जिसमें 16 जिलों के 257 खिलाहडयों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव योगेश कालरा, राजस्थान हॉकी के महासचिव अरुण सारस्वत रहे। कराटे कोच खुशीराम पीटीआई जीवली ने बताया कि टोंक जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 40 किलोभार में विहान शर्मा ने ब्रांज मेडल, 55 किलोभार में अंकित गुर्जर ने सिल्वर व आयुष चौधरी ने ब्रांज मेडल, 63 किलाभार में प्रवीण गुर्जर ने गोल्ड मेडल, 70 किलो भार में अभिमन्युसिंह सोलन्की ने ब्रांज मेडल, छात्रा वर्ग 52 किलोभार में अक्षिता कुमावत ने ब्रांज मेडल, 52 किलाभार में प्रियंका कुमावत ब्रांज मेडल, 50 किलोभार में मुस्कान मीणा ने गोल्ड, प्रिया जाट ने सिल्वर, लक्ष्मी कुमावत व अंजली शर्मा ने ब्रांज मेडल जीतकर नाम रोशन किया है।

## स्वरूप विलास होटल में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** महाराज प्रेमनाथ जी पशु पक्षी पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से होटल स्वरूप विलास में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक महाराज प्रेमनाथ जी पिछले लगभग 30 वर्षों से निःशुल्क पशु-पक्षियों के उपचार और सेवा में लगे हुए हैं। उनके नेतृत्व में हुई इस बैठक की अध्यक्षता गोपाल जयसवाल ने की। गोष्ठी में अलवर जिले में पेड़ लगाने के साथ-साथ विशेष रूप से पक्षियों के लिए उपचार और संवर्धन केंद्र खोलने पर चर्चा की गई। समिति का कहना है कि यदि राजस्थान सरकार अलवर शहर में जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा संस्था को आवंटित कर दे, तो यहाँ के नागरिक मिलकर पक्षियों के लिए आवश्यक उपचार केंद्र स्थापित कर सकते हैं, जिसकी वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यकता है। इस अवसर पर ललित बेनीवाल, दशरथ सिंह शेखावत, मधुर हर्ष भाटिया, तेजिंदर गोगिया, विनोद अग्रवाल, आशीष जैन, मोहित, राधे और प्रेम रतन तंवर सहित कई लोगों ने अपने विचार साझा किए और महाराज प्रेमनाथ जी के इस उद्देश्य को सफल बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

## आमजन को स्वास्थ्य लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता - वैद्य राकेश स्वामी

### उपखण्ड स्तर पर सम्मानित होने पर ग्रामीणों ने किया भव्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

बानसूर (धीरज मौर्य)। ग्राम पंचायत बाबरिया के राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यरत वैद्य राकेश स्वामी को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने उनका साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और मुँह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वैद्य स्वामी ने कहा कि आमजन को स्वास्थ्य लाभ दिलाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहेगा तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वस्थ भारत मिशन का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो जटिल और असाध्य रोगों से भी मुक्ति दिलाने में सक्षम है। यदि मनुष्य अपने आहार और विहार पर ध्यान रखे तो किसी भी रोग को पास फटकने का अवसर नहीं मिलेगा। उन्होंने लोगों से आयुर्वेद पद्धति को अपनाने और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर राजकीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक आर्य, अध्यापक हरीश यादव, धीरज मौर्य, अमरसिंह, जगदीश, रामावतार यादव, मोहन सिंह, मुकेश यादव, लख्मीचंद, बलवंत बाबरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## छाहर्रीन धाम मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम 24 अगस्त से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित छाहर्रीन धाम मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 24 अगस्त से तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। मंदिर महंत रामावतार शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त की सुबह 7 बजे बड़ा गणपति मंदिर से ध्वज एवं कलश यात्रा निकलेगी, जो मुख्य मार्गों से होती हुई छाहर्रीन धाम मंदिर पहुंचेगी। इसी दिन रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। 25 अगस्त को सुबह 10 बजे हवन-पूजन तथा दोपहर 12 बजे प्रसादी का वितरण होगा। रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। 26 अगस्त को प्रातः 6 बजे से हनुमानजी का मेला भरेगा। अपराह्न 3 बजे कस्बे के मेला चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला से बैंड-बाजों के साथ हनुमानजी की शोभायात्रा एवं आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी, जो मुख्य मार्गों से होती हुई छाहर्रीन धाम हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन होगा।

## दादा भगवान सर्व कल्याण ट्रस्ट द्वारा चार दिवसीय पर्युषण पर्व आज से शुरू

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** दादा भगवान सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से चार दिवसीय पर्युषण पर्व का आयोजन आज 20 अगस्त से 23 अगस्त तक प्रताप बाँध स्थित सनातन स्व संस्कार केंद्र में किया जाएगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर जय सच्चिदानंद संघ बड़ोदरा से आप्तपुत्र मिनेशानंद एवं महेशानंद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा शाम 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा।

इस दौरान अलवर क्षेत्र के अनेक महात्मा गण और श्रद्धालु उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे।

### जिला कलक्टर ने ली जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

# जल जीवन मिशन के पूर्ण कार्य का होगा सत्यापन, समिति करेगी 2 अक्टूबर तक सर्टिफाइड

### जिले में जल जीवन मिशन की प्रगति एक वर्ष में हुई दुगुनी, आगामी 6 माह में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का रखा लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले के जिन 451 गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है और उनके सभी घरों में जल कनेक्शन कर दिया गया है, उन सब गांवों के जल कनेक्शनों का सत्यापन कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक गांव के लिए कमेटी गठित की गई है, जिसमें जलदाय विभाग का सहायक अभियन्ता, ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच/प्रशासक इसके सदस्य रहेंगे। यह समिति जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्य की समीक्षा करेगी। इसमें कोई कमी पाए जाने पर उसे दुरूस्त करावेगी तथा उपभोक्ताओं से पेयजल आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लेकर गांव के जल जीवन मिशन कार्य का सत्यापन 2 अक्टूबर तक करेगी। इस कार्य



के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऑवर ऑल मॉनिटरिंग करेंगे। इसी प्रकार जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भी इस कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। ब्लॉक लेवल पर विकास अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।

#### एक वर्ष में दुगुनी हुई प्रगति

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ने अपने प्रजेन्टेशन में अवगत कराया कि वर्ष 2021 से अगस्त माह 2024 तक जिले में 214 गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत हुआ था। अगस्त माह 2024 से 15 अगस्त 2025 की एक वर्ष की अवधि के दौरान जल जीवन मिशन के तहत 234 नए गांवों में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया।

#### आगामी ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु कार्य योजना बनाकर अमल में लाए

जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे, इसके लिए अभी से कार्य योजना तैयार कर उसे अमल में लाया जावे। उन्होंने अलवर शहर में स्टेट मद से स्वीकृत 94 ट्यूबवेल की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि शेष रहे 20 ट्यूबवेल्स की ड्रिलिंग करावे तथा जिनकी ड्रिलिंग हो चुकी है उनको चालू करावे। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री रमेश चन्द सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर श्री दिनेश कुमार वर्मा, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता श्री सुधीर पाण्डे, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री संजय खत्री एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता मौजूद रहे।

## मेहनत की शुभ कमाई को शुभ कार्य में लगाना ही सार्थक

### भामाशाहों ने कन्या विद्यालय को एलईडी, गद्दे, वाटर कूलर भेंट किए, प्रतिभावान छात्राओं के लिए पुरस्कार की घोषणा




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** मेहनत की शुभ कमाई को शुभ कार्य में लगाना ही सार्थक है - यह बात व्याख्याता महेन्द्र कुमार मीणा ने उपखण्ड क्षेत्र के गाँव शाहपुर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर भामाशाहों द्वारा विद्यालय को उपयोगी सामग्री भेंट की गई और प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए पुरस्कारों की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में बोलते हुए मीणा ने कहा कि मेहनत की कमाई को यदि शिक्षा और समाजहित में लगाया जाए तो वही जीवन की सबसे बड़ी सार्थकता है। उन्होंने अपने गाँव को आदर्श बताते हुए कहा कि यहाँ सभी लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और बुजुर्ग संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने संस्कार और कर्तव्यों को न भूलें। वहीं सरपंच प्रतिनिधि अमीचंद यादव ने कहा कि गाँव की मिट्टी की इज्जत बनाए रखना ही सच्चा राष्ट्र धर्म है।

कार्यक्रम में व्याख्याता महेन्द्र कुमार मीणा (रेलवे विद्यालय बाँदीकुई) ने 43 इंच की एलईडी भेंट की। वे पूर्व में गूंता-शाहपुर विद्यालय में भी एलईडी दे चुके हैं और अब मीणा छात्रावास (बानसूर) के लिए भी एक और एलईडी देने की घोषणा की। इसी तरह मातादीन जांगिड़ ने 20 गद्दे, खेमचंद मीणा और अमीचंद यादव ने इलेक्ट्रिक वैल और वाटर कूलर भेंट किए। सेवानिवृत्त प्राचार्य रामेश्वर दयाल ने 21,000 की राशि और 85त्न से अधिक अंक लाने वाली छात्रा को चाँदी का सिक्का देने की घोषणा की। व्याख्याता सुभाष सिंह तंवर ने 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 1,100 नकद देने की घोषणा की, जबकि प्राचार्य राकेश कुमार ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस मौके पर कबड्डी कोच रामसिंह यादव, शीशराम, महेशचंद ठेकेदार, सरपंच प्रतिनिधि अमीचंद यादव, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव, रामजीलाल आर्य सहित विद्यालय स्टाफ, छात्राएँ और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में भामाशाहों और अतिथियों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु 21 अगस्त को शिविर

**अलवर।** जिला कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए 21 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक कोषालय स्तर पर लगाया जाएगा। शिविर में पेंशनर्स की जन्म तिथि एवं नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर से संबंधित परिवेदनाओं का निस्तारण किया जाएगा। अधिकारी ने पेंशनर्स से अधिकाधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

# गिव अप अभियान अलवर जिले में 94 हजार से अधिक लोगों ने छोड़ा खाद्य सुरक्षा का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित गिव अप अभियान को बड़ी सफलता मिल रही है। इस अभियान के तहत अब तक पूरे प्रदेश में 27 लाख से अधिक सक्षम व्यक्तियों ने खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से अपना नाम हटाया है। इनमें से अकेले अलवर जिले के 94 हजार 107 सक्षम व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ त्याग कर अंतिम पंक्ति तक वंचित लोगों के कल्याण हेतु योगदान दिया है।

#### सरलीकृत हुई नाम हटवाने की प्रक्रिया

जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि राज्य सरकार ने सक्षम व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाने की प्रक्रिया आसान बना दी है। अब कोई भी सक्षम व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से स्वयं आवेदन कर अपना नाम सूची से हटा सकता है। यह सुविधा 31 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी।

#### कौन हैं निष्कासन सूची में शामिल?

राज्य सरकार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा सूची से ऐसे परिवारों को बाहर किया जा रहा है जिनमें कोई सदस्य आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो अथवा परिवार के पास चार पहिया वाहन हो (जीविकोपार्जन हेतु प्रयुक्त ट्रैक्टर को छोड़कर)।

#### वंचित परिवारों को लाभ

गिव अप अभियान के चलते अलवर जिले में छोड़े गए 94 हजार से अधिक लाभों के स्थान पर उतने ही वंचित परिवारों को योजना से जोड़ा गया है। अब पात्र परिवारों को न केवल पोषण युक्त अन्न मिल रहा है बल्कि उन्हें 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज, 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा और मात्र 450 रुपये में प्रतिवर्ष 12 घरेलू गैस सिलेंडर की सुविधा भी मिल रही है।

#### जनभागीदारी से बन रही मिसाल

अभियान को मिल रही स्वैच्छिक भागीदारी यह साबित करती है कि सक्षम लोग आगे बढ़कर जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुँचाने में सहयोग कर रहे हैं। यह पहल प्रदेश में समाज कल्याण और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

# लायंस क्लब का भव्य पदस्थापना समारोह संपन्न

### विपत्ति के समय मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है - एडीएम ओमप्रकाश

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव ) ।** लायंस क्लब बहरोड़ की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह कस्बे के एक निजी होटल में देर शाम भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस दौरान नवीन पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के संयोजक लायन शिवशंकर गुप्ता ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़ ओमप्रकाश सहारण रहे। पदस्थापन अधिकारी प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुधीर वाजपेई तथा मुख्य वक्ता सह प्रांतपाल प्रथम लायन आशुतोष वशिष्ठ थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, जरूरतमंद परिवारों को तीन बड़े राशन किट प्रदान करने और लायन डॉ. अर्चना श्रृंगी द्वारा ध्वज वंदना व राष्ट्रगान के साथ हुई।




क्लब पदाधिकारियों ने अन्य लायंस क्लबों के सदस्यों का माल्यार्पण, उपरणा ओढ़ाकर और उपहार देकर स्वागत किया। तत्पश्चात लायन पमित यादव को अध्यक्ष, लायन महेश पारीक को सचिव, लायन उमेश लवानिया को कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नए सदस्यों—लायन रविदत्त शर्मा, लायन राकेश गुप्ता और लायन अमन यादव—को भी शामिल किया गया।

मुख्य अतिथि एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश में विपत्ति के समय मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और लायंस क्लब इस दिशा में सदैव अग्रणी रहता है। प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र यादव, लायन महेश जैन, लायन कमल शर्मा, लायन राजकुमार जिंदल, लायन डॉ. जे.आर. राव, लायन योगेंद्र राघव, लायन उमेश शर्मा, लायन गौतम गुप्ता, लायन अनिल अग्रवाल, लायन शालिनी सैनी, लियो अध्यक्ष विनय गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दस लाख की लागत से बने श्मशान घाट की बाउंड्री गिरी, लोगों ने उठाए सवाल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** अलवर के मूंगस्का हनुमान चौराहे पर स्थित श्मशान घाट की बाउंड्री गिर गई है। यहां करीब दस लाख रुपये की लागत से नगर विकास न्यास द्वारा विकास कार्य करवाए गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्य में लीपापोती की गई थी और इसकी शिकायत शीघ्र ही यूआईटी सचिव को की जाएगी। गोविंद नगर विकास समिति के सचिव सुरेन्द्र अदलकखा ने बताया कि बाउंड्री टूटने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम से यहाँ और आवश्यक विकास कार्य करवाने की मांग की है।

# हरियालो राजस्थान अभियान : प्रदेश में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य पार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' को जनआंदोलन का रूप दे दिया है। इस वर्ष मानसून में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य पार कर लिया गया है और अब तक 10 करोड़ 21 लाख 22 हजार 351 पौधे लगाए जा चुके हैं। मानसून अभी जारी है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बनने की संभावना है। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अभियान का पोस्टर विमोचन किया और पौधा ग्रहण किया।

#### हरियाली की नई क्रांति

पिछले वर्ष इस अभियान के तहत 7 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस बार शिक्षा विभाग, वन विभाग, आरडीपीआर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित कई विभागों ने सक्रिय भूमिका निभाई। 27 जुलाई 2025 को हरियाली तीज पर आयोजित राज्य स्तरीय वन




महोत्सव में मात्र एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधे लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया गया।

#### पाँच साल का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की कि 'मिशन हरियालो राजस्थान' के तहत अगले पाँच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान से भी जुड़ा हुआ है।

#### वृक्ष मित्र योजना

राज्य सरकार वृक्ष मित्र योजना भी चला रही है। 200 पौधे लगाने वाले को 'वृक्ष मित्र' का दर्जा दिया जाएगा। पूरे प्रदेश में 2 हजार वृक्ष मित्र बनाए जा रहे हैं जिन्हें मानदेय भी मिलेगा। इसके साथ ही हर जिले में आमजन की सहभागिता से मातृ वन विकसित किए जा रहे हैं।

#### जियो टैगिंग और निगरानी

पौधों की अधिकतम जीवित रहने की दर सुनिश्चित करने के लिए जलवायु और मिट्टी की अनुकूलता पर ध्यान दिया जा रहा है। लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जा रही है, ताकि उसकी सुरक्षा और संवर्धन पर सतत निगरानी रखी जा सके।

#### जनआंदोलन का स्वरूप

राज्य सरकार के प्रयास से यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनआंदोलन का रूप ले चुका है। सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी से आमजन सीधे इस अभियान से जुड़ रहे हैं। नदियों-तालाबों के किनारे, विद्यालयों, अस्पतालों और नगरीय क्षेत्रों में पौधारोपण को प्राथमिकता दी जा रही है।

# पंचमुखी पुलिया का होगा सौंदर्यकरण

## 22 लाख की लागत से विकास कार्य शुरू



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( प्रमोद राठौर )।** उपखंड क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली पंचमुखी पुलिया का सौंदर्यकरण मंगलवार से शुरू हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा करीब 22 लाख रुपये की लागत से यह कार्य किया जा रहा है। पुलिया 25 गांवों और 7 वार्डों को जोड़ती है तथा मध्यप्रदेश की ओर भी संपर्क मार्ग है। विकास कार्यों में यात्री प्रतीक्षालय, हाईमास्ट लाइट्स, वृक्षारोपण, नाले की पक्की दीवार, नई 12 फुट चौड़ी पुलिया और फोरलेन सड़क निर्माण शामिल हैं।

मारुति नगर छोर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष अखलेश मेड़तवाल ने कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केंद्रीय कैबिनेट द्वारा कोटा-बूंदी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी स्वागत योग्य : तुषार दुबे

## कोटा के स्टूडेंट्स लिए आसान होगी कनेक्टिविटी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ ) ।** वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मोदी सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। तुषार दुबे ने कहा की कोटा बूँदी मे ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनने से कोटा के स्टूडेंट्स के लिए आसान होंगी कनेक्टिविटी।

तुषार दुबे ने कहा की कोटा मे लम्बे समय से एयरपोर्ट की मांग की जा रही थी ।मोदी सरकार द्वारा एयरपोर्ट को दी गई मंजूरी से जहां कोटा की जनता को लाभ होगा,वही कोटा मे ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मंजूरी से कोटा-बूँदी विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयाँ छुएगा।

एयरपोर्ट न केवल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा,बल्कि भविष्य में अनगिनत अवसरों का द्वार खोलेगा ।केंद्र सरकार के इस निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

# स्मार्ट किड्स ग्रुप के गठन को 4 वर्ष पूर्ण होने पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को अल्पाहार करवाया गया

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** भैंस रोड गढ़ पंचायत के सांखलो का दुण्डा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट किड्स ग्रुप के सदस्यों की ओर से विधार्थियों के लिए अल्पाहार में इडली सांभर की व्यवस्था की गई। जानकारी देते हुए ग्रुप संचालक मनीष गिरी ने बताया कि स्मार्ट किड्स ग्रुप के गठन को 4 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में सीमा दुबे, पूजा वर्मा, प्रिया स्वामी, दीक्षा पटेल, चंद्रमुखी मिश्रा ने अपने घर पर इडली सांभर बनाया एवं मंगलवार प्रातः 8 बजे प्राथमिक विद्यालय एवं क्रेशर बस्ती में 55 बच्चों को भरपेट गरम गरम इडली सांभर खिलाया सभी बच्चों को मीठी बूंदी खिला कर मुंह मीठा करवाया गया।प्राथमिक विद्यालय से शिक्षिका सुनीता जैन,राधा कुमारी, इंद्रा बाई, कविता प्रजापत ने मनीष गिरी एवं स्मार्ट किड्स ग्रुप के सदस्यों के प्रति आभार जताया। शिक्षिका सुनीता जैन ने खुशी जाहिर करते ये कहा की विद्यालय में बच्चों को पुड़ी सब्जी खाने को कई बार मिलती हैं परंतु आज पहली बार भरपेट इडली सांभर खाने को मिला । इडली सांभर देख कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलें विभाग मंत्री सुमित गोदारा चित्तौड़गढ़ प्रवास पर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलें विभाग के मंत्री श्री सुमित गोदारा 21 अगस्त को चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें लेंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलें विभाग के मंत्री श्री सुमित गोदारा 21 अगस्त (गुरुवार) जयपुर से प्रातः 06.55 बजे प्रस्थान कर 07.55 बजे उदयपुर पहुंचेंगे तथा प्रातः 8.15 बजे उदयपुर से प्रस्थान कर 9.45 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगे। वे प्रातः 10.00 बजे खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे।

**समीक्षा बैठक में गिवअप अभियान** - अपात्र लाभार्थियों (आयकरदाता, सरकारी कर्मचारी, चारपहिया वाहनधारक एवं उच्च आय वर्ग) द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा लाभ त्याग की प्रगति का उपखण्डवार अवलोकन। एनएफएसए पोर्टल पर लंबित आवेदन - वर्ष 2022 एवं 2025 के लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जांच समिति की रिपोर्ट की स्थिति। नये लाभार्थियों का आधार सीडिंग एवं इ-केवाईसी- खाद्य सुरक्षा योजना में नये जुड़े परिवारों की अद्यतन स्थिति। बकाया भुगतान - राशन डीलरों के कमीशन एवं परिवहनकर्ताओं के बिल भुगतान की उपखण्डवार/माहवार समीक्षा की जाएगी तथा प्रातः 11.00 बजे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलें विभाग के मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे।

# चोरो ने उड़ाई नींद तो जाम पर उतरे हाउसिंग बोर्ड के वांशिदे

## तीन घंटे रहा जाम, अधिकारी आये हरकत में,दो कार्मिको लगाया निगरानी में

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** नैनवां पुलिस थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरियो से आमजन परेशान है। चोरियो का खुलासा होने से पहले फिर चोरी की वारदात होने से पुलिस कार्मिको भी नींद उड़ी हुई है। पुलिस गश्त की बावजूद अज्ञात चोर चोरियो करने से नहीं चूक पा रहे है। अब लोगो का आक्रोस सीर चढ़ कर बोलने लग गया है। ऐसे में अब पुलिस की कार्य शैली पर भी सवालिया निशान उठने लग गये है। मंगलवार को नैनवां शहर के स्टेट हाईवे 34 देई रोड़ पर स्थित हाउसिंग बोर्ड के वांशिदे लगातार हो रही चोरियो से परेशान है। मंगलवार को सवरे 9 बजे चोरियो पर अंकुश लगाने एंव पिछले दिनो हुई आधे दर्जन चोरियो का खुलासा किया जाने की मांग को लेकर पूरे हाउसिंग बोर्ड के वांशिदो ने स्टेट हाईवे 34 पर टेंट लगा कर नैनवां-वाया देई स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। सड़क के बीच में कांटे डाल कर महिलाए जाम पर प्रदर्शन करने लग गई। कुछ समय तक जाम को लेकर पुलिस प्रशासन भी मौके पर नहीं पहुँचा। दूसरी ओर जाम होने से नैनवां से देई जाने वाले एंव देई से नैनवां की ओर आने वाले लोग जाम पर फंस गये। इतना ही नहीं जाम के चलते जाम के दोनो ओर वाहनो की लाईने लग गई। काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुँची उन्होने जाम लगा रही महिलाओ से वार्ता करके जाम खुलवाने की कोशिश की गई लेकिन महिलाए जाम हटाये जाने के लिए तैयार नहीं हुई। कुछ समय बाद डीएसपी राजूलाल मीणा मौके पर पहुँचे उन्होने महिलाओ एंव पुरूषो से वार्ता करके जाम हटाये जाने की कोशिश की गई। इस मौके पर महिलाओ ने बताया कि सोमवार रात्रि को भी हाउसिंग बोर्ड में चोरी की वारदात होते होते बच गई। मौके पर जाग हो जाने से अज्ञात चोर खेतो की ओर भाग गये। इसके पहले भी अब तक हाउसिंग बोर्ड में एक दर्जन करीब चोरियो हो चुकी है। हाउसिंग बोर्ड के वांशिदो ने पुलिस को सबूत के तौर पर सीसीटीवी फूटेज दिये गये है,लेकिन अभी तक भी पुरानी चोरियो का खुलासा नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा चोरियो होने का सिलसिला जारी है। ऐसे में अब हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले हर वांशिदे की नींद उड़ी हुई है। सभी डरे हुए है, बड़ी वारदात होने का अंदेशा बना हुआ है।

डीएसपी राजूलाल मीणा ने मौके पर पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस कार्मिको को शीघ्र ही चोरियो का खुलासा किया जाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा महिलाओ की डिमांड को देखते हुए दो पुलिस कार्मिको की ड्यूटी हाउसिंग बोर्ड में लगाये जाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद जाम को हटाया गया। स्टेट हाईवे 34 पर करीब तीन घंटे तक जाम के हालात बने रहे।

# नानी बाई रो मायरो की तीन दिवसीय कथा का आयोजन 21 से

## माहेश्वरी महिला मण्डल के नानी बाई मायरे में पधारेंगे कथाकार श्री राधाचरण जी महाराज



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ ) ।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा से सम्बद्ध माहेश्वरी महिला मंडल कोटा द्वारा आगामी 21 अगस्त गुरुवार से 23 अगस्त 2025 शनिवार तक तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम नानी बाई रो मायरो का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रीति राठी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से सांय 6:00 बजे तक श्री माहेश्वरी भवन, 17 झालावाड़ रोड कोटा में आयोजित होगी। प्रसिद्ध कथाकार राधाचरण जी महाराज जोधपुर राजस्थान से पधारकर इस पावन कथा का प्रवचन देंगे। सचिव सरिता मोहता ने बताया कि इस कार्यक्रम का कार्ड विमोचन पूर्वी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष महेश अजमेरा, अध्यक्ष प्रीति राठी, कोषाध्यक्ष संगीता काबरा और संगठन मंत्री नीना मर्चुनिया ने किया। सरिता मोहता ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य यजमान अ.भा.महा. महासभा के पश्चिमांचल उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला रहेंगे। प्रीति राठी ने बातया कि कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई है जिसमें आध्यात्मिक समिति में श्यामा बिरला, किरण मांधना और सीमा बाबरछिया की सेवाएं ली गई हैं, वहीं सांस्कृतिक समिति में श्वेता माहेश्वरी, सुमन मर्चुनिया और रक्षा बाबरछिया सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम निर्देशकों में विनीता बिरला, भारती डागा, सीमा मुंदड़ा, सपना बिरला, नेहा माहेश्वरी, अरुणा मुंदड़ा, खुशबू डागा, करिश्मा माहेश्वरी और स्वाति मंत्री शामिल हैं। इस अवसर पर एलन मांधना परिवार, करियर पॉइंट परिवार सहित अनेक प्रतिष्ठित परिवार और व्यक्तित्व अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# बाडोलिया में रोड लाइट,पेयजल व्यवस्था सुधारेगी नगरपालिका

## मौके पर पहुंचे जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** नगरपालिका क्षेत्र के गांव बाडोलिया, नागनी, जावरा खुर्द,जावरा कला, कचोलिया, सांखला का ढूंढा महुपुरा क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा पेयजल समस्या हेतु पाइपलाइन में आ रही परेशानियों, पानी को मोटर मरम्मत, विभिन्न गलियों में नागरिकों को अंधेरे से निजात दिलाने जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पालिका सुधार हेतु जल्द ही आवश्यक कार्य करवाएंगे। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी एवं विधायक डॉ सुरेश धाकड़ के निर्देश पर मंगलवार को नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि बाडोलिया गांव पहुंचे जहां मौके पर पहुंच कर लोगों की जन समस्याओं को सुना और त्वरित निस्तारण की बात कही जनता ने अधिकारियों के सामने अपनी कई समस्याओं को लेकर पूर्व सरपंच कालीबाई मीणा के नेतृत्व में अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन देकर शीघ्र समाधान की मांग की । इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, बाडोलिया पूर्व सरपंच कालीबाई मीणा, भाजपा नगर मंत्री गजेंद्र सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामकुमार मीणा, सिद्दार्थ वाधवा, मिथिलेश सिंह, गुड्डू बंजारा, मोहन यादव, नरसिंह मीणा, हेमराज, लक्ष्मी बाई,रतन प्रजापत, कैलाश भील, मनोज सेन सहित ग्रामीण जन, नगरपालिका कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# जर्जर विद्यालय भवनो की मरम्मत की मांग को लेकर कांग्रेस का जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## नारेबाजी के साथ जुलूस के रूप में एडीएम को दिया ज्ञापन

### विद्यालयों की सुरक्षा जांच के लिये उच्च स्तरीय दल गठित हो-चर्मेश शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के भवन और कक्षा कक्षो के निर्माण की वर्तमान स्थिति की जांच कर मासूम छात्रों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया।

बहादुर सिंह सर्किल से जुलूस के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने बूंदी जिले के सभी जर्जर विद्यालय भवनो की तत्काल मरम्मत करवाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी दिया।

#### शिक्षा विभाग के विरुद्ध नारेबाजी

स्वतंत्रता दिवस पर बूंदी में निजी विद्यालय की छत गिरने से पांच छात्रों के घायल होने व नैनवा क्षेत्र में एक सरकारी विद्यालय की छत गिरने की घटना पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर आक्रोश जताया और मासूम छात्रों के जीवन की सुरक्षा करो, जर्जर भवनो की मरम्मत करवाओ, निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार बंद करो और शिक्षा विभाग मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाये।

#### उच्च स्तरीय प्रशासनिक दल गठित किया जाये

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में एडीएम से मिले प्रतिनिधिमण्डल ने बूंदी जिले में सरकारी व निजी विद्यालयों भवनो में निर्दोष विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिये उच्च स्तरीय प्रशासनिक दल बनाकर जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के भवन व कक्षा कक्षो के भौतिक सत्यापन की मांग उठायी। पार्षद अंकित बूलीवाल ने कहा कि उनके वार्ड की बड़ा तोपखाना स्कूल अभी भी जर्जर स्थिति में है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष किशन नेखाड़ी ने कहा कि प्रशासन को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिये। प्रतिनिधिमंडल में पार्षदअंकित बूलीवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष किशन नेखाड़ी, मोनिश नायक, कुणाल पारीक, एडवोकेट हेमराज मीणा, एडवोकेट राजेंद्र दाधीच लक्ष्मीपुरा, एडवोकेट शिवराज धाकड़, कांग्रेस नेता मोनू शर्मा, जाफर अंसारी, अमन राठौर, तारुल गुलाबवानी, जय धाबाई, शिव शर्मा, नरेश सैनी, युवा कांग्रेस नेता धीरज टाक, अमन शर्मा, ईमरान, शाहरुख खान, टोनी, आसिफ, नवाब, आशुतोष आदि सम्मिलित रहे।



# दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे पर आवागमन हुआ शुरू , अतिवृष्टि के चलते किया था बन्द

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. ) ।** दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे पर उपखंड क्षेत्र में स्थित लबान इंटरचेंज से यातायात मंगलवार से शुरू हो गया। क्षेत्र में अतिवृष्टि के चलते कोटा दोसा मेगा हाइवे पर स्थित पुलिया की जर्जर हालत के चलते एतिहात के दौर पर एक्सप्रेस वे पर वाहनों का आवागमन बन्द कर दिया गया था।

जानकारी के अनुसार विगत दिनों हुई बरसात के बाद मेगा हाइवे पर स्थित पापड़ी पुलिया व बाबई पुलिया की जर्जर हालत को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर एक्सप्रेस वे पर लबान इंटरचेंज पर वाहनों का आवागमन बन्द कर दिया गया था। बाद में एन एच आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा कोटा जिले में भी गोपालपुरा से आगे लिंक रोड जर्जर पुलिया पर वाहनों के दबाव को देखते हुए टोल नाको को बेरिकेड्स लगा कर बन्द कर दिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रसासन द्वारा पापड़ी व बाबई पुलिया का मरम्मत कार्य किये जाने से अब एक्सप्रेस वे पर भी वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है ।



#### वाहनों चालको को होगी सुविधा नही लगेगा अतिरिक्त चक्कर -

एक्सप्रेस वे से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन कोटा के गोपालपुरा से चढ़ कर लबान टोल नाके उतर कर कोटा दोसा मेगा हाइवे से होकर सवाई माधोपुर कुश्तला नाके एक्सप्रेस का उपयोग कर सकेंगे इससे पूर्व एक्सप्रेस वे बन्द होने से उनको कोटा बून्दी होकर उनियारा से होकर सवाईमाधोपुर आना पड़ रहा था। जिससे उनको करीब 50 से 60 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था।

**इनका कहना:** एक्सप्रेस वे से उतरने बाद लिंक रॉड पर बून्दी जिले में पापड़ी व बाबई ओर कोटा जिले में एक पुलिया पर मरम्मत कार्य किया जाना था। जिसके चलते एक्सप्रेस वे पर विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यातायात बन्द किया गया था। मंगलवार से अब वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है -

**इकबाल खान एरिया मैनेजर एक्सप्रेसवे**

# शहर पुलिस द्वारा कोटा के सेंट्रल जेल का औचक निरीक्षण चेकिंग की गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ ) ।** शहर पुलिस द्वारा सेंट्रल जेल कोटा में औचक निरिक्षण किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सेंट्रल जेल कोटा का एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल एडिशनल एसपी दिलीप सैनी के निर्देशन में तीन डीएसपी सहित 20 थाना अधिकारी ,जेल अधीक्षक की टीम ने सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान 170 पुलिस कांस्टेबल जेल कार्मिको द्वारा बंधियो के सामान बेरिक लंगर अस्पताल हार्डकोड वार्ड की एनएलजेडी मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सघनता से तलाशी ली गई ।

हालांकि तलाशी के दौरान काराग्रह एवं बंदियो के पास कोई अवैध सामग्री प्राप्त नहीं हुई है।



# कोटा में डीएलएलआई प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

## मात्र सेवा संगठन ही नहीं, नेतृत्व निर्माण की यूनिवर्सिटी है लायंस इंटरनेशनल —सीपी विजयवर्गीय

### भावी नेतृत्व गढ़ने का संकल्प, 66 प्रतिनिधि हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट लायंस लीडरशिप इंस्टीट्यूट की बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व कौशल का विकास, संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना तथा भावी नेतृत्व तैयार करना रहा।

अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि इस अवसर पर गर्वनर रामकिशोर गर्ग, वीडीजी सी.पी. विजयवर्गीय, मुख्य प्रशिक्षक पीएमसीसी द्वारका जालान (पूना), पीडीजी रश्मि गुप्ता (इंदौर) और पीडीजी अनिल नाहर (उदयपुर) सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम जीएलटी कॉर्डिनेटर मंजूला जैन, इंवीजिलेटर पीडीजी राजेन्द्र अग्रवाल तथा कंवीनियर एमजेएफ अशोक नुवाल और सुधाकर बहेडिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

वीडीजी सी.पी. विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि डिस्ट्रिक्ट 3233श्व2 के अंतर्गत 30 क्लबों मे से जोन चेयरमैन,ऋष्ट , अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष मिलाकर कुल 66 लायंस सदस्य इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग ने कहा कि सी.पी. विजयवर्गीय जैसे ऊर्जावान नेता लायंस इंटरनेशनल के नेतृत्व कार्यक्रम को नई ऊँचाई देंगे। कोटा में प्रथम आयोजन सफलता का प्रमाण है और आगे यह कार्यशालाएँ उदयपुर, जोधपुर व अजमेर में भी आयोजित की जाएँगी। उन्होंने यह भी आव्हान किया कि इंटरनेशनल स्तर पर हर डिस्ट्रिक में 30 प्रतिशत नए नेतृत्व को उभरना चाहिए।

#### सेवा संगठन ही नहीं, नेतृत्व विकास निर्माण केन्द्र भी

अपने उद्बोधन में सी.पी. विजयवर्गीय ने कहा इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल सेवा कार्यों को गति देना नहीं, बल्कि सदस्यों को नेतृत्व, समूह प्रबंधन और मोटिवेशनल स्किल्स में दक्ष बनाना है। लायंस इंटरनेशनल मात्र सेवा संगठन नहीं, बल्कि एक नेतृत्व निर्माण केन्द्र भी है, जो सेवाकार्यों को नए दृष्टिकोण से आगे बढ़ाता है।

उन्होंने देश-विदेश के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्व को प्रभावशाली लीडर लायंस क्लब से ही मिले हैं।

## जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ का हुआ शुभारंभ

### हिना रिसॉर्ट धौलपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )** । हिना रिसॉर्ट, महात्मा गांधी स्कूल गांधी कैंप में आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ (माध्यमिक शिक्षा) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में शिक्षाविदों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जपा प्रत्याशी एवं समाजसेवी डॉ. शिवचरन कुशवाह ने संबोधित करते हुए कहा कि धौलपुर में खेल मैदानों की कमी है, इसे राज्य सरकार तक पहुँचाने का हर संभव प्रयास करूंगा। शारीरिक शिक्षकों की वाजिब मांगों को भी पूरा कराने की कोशिश करूंगा। मेरे द्वार हमेशा शारीरिक शिक्षकों के लिए खुले हैं। सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं समाजसेवी राममुख्त्यार सिंह ने शारीरिक शिक्षकों से आह्वान किया कि वे किसी एक खेल में कम से कम एक खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर तक तैयार करने का संकल्प लें। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णभर दयाल शर्मा ने कहा कि शारीरिक शिक्षकों को प्रतिदिन बच्चों को खेलों में सक्रिय रखना चाहिए। नियमित अभ्यास से ही शानदार टीम तैयार हो सकती है।

वहीं समाजसेवी अनुराग शर्मा ने रामचरित मानस के माध्यम से अनुशासन सीखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को भाजपा नेता धीर सिंह जादौन, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय माध्यमिक) रमाकांत शर्मा, उपजिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) बिजेंद्र सिंह कोली, विजय उदेनिया, प्रभारी फिजिकल डिप्टी प्रारंभिक शिक्षा चौबसिंह, रश्मि राव सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान नए खेल नियमों और उनमें हुए परिवर्तनों की जानकारी शारीरिक शिक्षकों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उपजिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) बिजेंद्र सिंह कोली ने किया। इस अवसर पर हरिमोहन शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश परमार, परमजीत सिंह, चन्द्रभान चौधरी, यादवेंद्र सिंह, राजेंद्र राणा, शैलेन्द्र सिंह, बिमल शर्मा, रमेश मीणा, उमादत्त शर्मा, रेखा त्यागी, आशा शर्मा, सुष्मिता शर्मा, नरेंद्र शर्मा, रवि मोहन शर्मा, कप्तान सिंह, छोटेलाल, दिलीप जैदान, तृप्ता राणा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## रेलवे भूमि अधिग्रहण मुआवजा समयबद्ध, समाचार पत्र की रिपोर्ट तथ्यहीन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** हाल ही में एक दैनिक में रेलवे, किसानों की जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा देना भूला, अन्नदाता परेशानी में शीर्षक से प्रकाशित समाचार को जिला प्रशासन ने भ्रामक और तथ्यहीन करार दिया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि धौलपुर-सरमथुरा नैरोगेज से ब्रॉडगेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई समयबद्ध रूप से चल रही है।

धौलपुर तहसील में 7.67 करोड़ रुपये तथा बाड़ी तहसील में 26.87 करोड़ रुपये की राशि 524 किसानों को वितरित की जा चुकी है। समाचार में उल्लेखित काश्तकार नईम खां का मुआवजा न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के चलते रुका हुआ था। आदेश हटने के बाद उनके प्रकरण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ा दी गई है। जिला प्रशासन ने कहा कि किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है और समाचार पत्र में प्रकाशित तथ्य न केवल असत्य हैं, बल्कि किसानों में अनावश्यक भ्रम फैलाने वाले भी हैं।

## एकमुश्त समाधान योजना - 30 सितम्बर तक बकाया ऋण जमा कराने पर छूट

**धौलपुर ( राजू शर्मा )** । राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन और ओबीसी वर्ग के बकायादारों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। परियोजना प्रबंधक देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि 31 मार्च 2025 तक वितरित ऋणों के अतिदेय मूलधन को 30 सितम्बर तक जमा कराने पर अतिदेय ब्याज और पेनल्टी की 100त्न छूट मिलेगी। योजना का प्रथम चरण 1 मई से 30 सितम्बर तक तथा द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक रहेगा।

लाभार्थी कलक्ट्रेट परिसर स्थित निगम कार्यालय में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भाजपा की जिला संगठन बैठक आज, वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी रहेंगे उपस्थित

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर की संगठनात्मक बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में गंगापुर सिटी में आयोजित होगी । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि संगठन की बैठक गंगापुर सिटी स्थित होटल पार्थ में प्रात- 11 बजे आयोजित होगी, जिसमें मुख्य अतिथि वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा, खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल उपस्थित रहेंगे। संगठनात्मक बैठक में पार्टी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना तैयार की जाएगी एवं जन जन तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने को लेकर चर्चा होगी ।

# जिला कलक्टर ने किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को उपखण्ड वैर, भुसावर और नदबई क्षेत्र का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपखण्ड कार्यालय और नदबई पुलिस थाना का औचक निरीक्षण किया। कलक्टर ने भुसावर, हलैना व छोंकरवाड़ा कला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पंजीकरण, टीकाकरण, दवा वितरण, स्टोर, लैब और लेबर रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भुसावर सीएचसी में गंदगी देखकर नाराजगी जताई और साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। वार्डों में भर्ती मरीजों और परिजनों से बातचीत कर उन्होंने दवा वितरण व चिकित्सा सेवाओं की जानकारी भी ली। स्टोर रूम में दवाओं के पुराने खाली डिब्बे अव्यवस्थित मिलने पर उन्होंने तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। छोंकरवाड़ा कला में निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा करने पर जोर दिया।



### टीबी मरीजों को वितरित की निक्षय पोषण किट

नदबई राजकीय अस्पताल में कलक्टर चौधरी ने टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें समय पर फूड किट उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कलक्टर ने अस्पताल भवन का निरीक्षण करते हुए जर्जर हिस्सों की मरम्मत कराने व चिकित्साकर्मियों के साथ मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

### विकास कार्यों को समय पर पूरा करने की हिदायत

कलक्टर ने एसडीएम कार्यालय और नदबई पुलिस थाना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदबई आरओबी सहित अन्य विकास कार्य प्राथमिकता से तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। उपखण्ड कार्यालय में लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक पात्रजन तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। पुलिस थाना निरीक्षण के दौरान उन्होंने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, सूचना तंत्र मजबूत करने और पीड़ितों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, रिकॉर्ड और पुलिसकर्मियों के आवास की भी जांच की। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा, विभिन्न उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, बीसीएमओ डॉ. राहुल कौशिक, पीएमओ डॉ. पवन गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं व बालिकाओं के लिए निश्शुल्क कंप्यूटर कोर्स

महिला अधिकारिता एवं बाल विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत वर्ष 2025-26 में महिलाओं और बालिकाओं के लिए निश्शुल्क आरएस-सीआईटी कंप्यूटर कोर्स, टैली अकाउंटिंग (आरएस-सीएफए) और इंग्लिश स्पोकन (आरएस-सीएसईपी) के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। प्रशिक्षण आरकेसीएल के 130 चिन्हित ज्ञान केंद्रों पर निःशुल्क कराया जाएगा। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और आयु सीमा 16 से 40 वर्ष रखी गई है।

# जिला अव्वल : मंगलवार की रैंकिंग में राजसमंद संपर्क पोर्टल पर नंबर वन

### कलक्टर हसीजा के 'फॉलो-अप मैकेनिज्म' से मिली सफलता

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राजसमंद जिले ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार के आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संचालित संपर्क पोर्टल की मंगलवार को जारी रैंकिंग में राजसमंद ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपर्क पोर्टल राज्य सरकार का अभिनव मंच है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। पारदर्शिता, जवाबदेही और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में इस



पोर्टल को प्रभावी बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। कलक्टर हसीजा के निर्देश पर सभी विभागों को प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से उसी दिन कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जबकि जिला स्तर पर सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही, प्रत्येक सोमवार को कलक्टर स्वयं विभागवार समीक्षा बैठक लेकर प्रगति का आकलन करते हैं। इस सक्रिय कार्यप्रणाली से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। राजस्व, बिजली, जलापूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान अब कुछ ही घंटों में उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही फॉलो-अप मैकेनिज्म के तहत शिकायत का निस्तारण होने के बाद आवेदक से फीडबैक भी लिया जाता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही और मजबूत हुई है। जिले की यह उपलब्धि त्वरित कार्यवाही, टीमवर्क और जनकेंद्रित प्रशासन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। संपर्क पोर्टल पर प्रथम स्थान पाना राजसमंद के लिए गर्व की उपलब्धि है, जो भविष्य में भी जनसेवा के नए मानक स्थापित करने की प्रेरणा देगा।

## धौलपुर लौटते समय बाइक स्लिप होकर गड्ढे में गिरी, देवर-भाभी घायल



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के धौलपुर रोड स्थित रिंग रोड पर रविवार को एक हादसे में बाइक सवार देवर-भाभी घायल हो गए। बाइक स्लिप होकर गड्ढे में गिर गई। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस से दोनों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बसेड़ी के पिपरोंन गांव निवासी नीतू जाटव पुत्र पप्पू जाटव अपनी भाभी वैजयंती पत्नी मन्शी दास को बीमार होने के कारण धौलपुर अस्पताल दिखाने ले गया था। उपचार के बाद लौटते समय जैसे ही वे बाड़ी के रिंग रोड से धनोरा की ओर मुड़े, अचानक बाइक स्लिप होकर गड्ढे में जा गिरी। घटना में नीतू और वैजयंती दोनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया। वर्तमान में दोनों का उपचार सामान्य अस्पताल बाड़ी में चल रहा है।

## तामोटी गांव के ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

### चरागाह भूमि पर दबंगों के कब्जे का आरोप, कार्रवाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )** । उपखंड की ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर के तामोटी गांव के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपकर गांव की चारागाह भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंगों ने सरकारी चरागाह भूमि पर न केवल अतिक्रमण कर लिया है, बल्कि कोठरी और मकान बनाकर चारदीवारी भी खड़ी कर दी है। इससे गांव के रास्ते बंद हो गए हैं और ग्रामीणों के पशुओं के चरने के लिए जगह नहीं बची है। गांव निवासी रामस्वरूप, शिवराम, धर्मी, रामनिवास, बनेसिंह, बिज्जे सिंह, राजेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खाता संख्या 123 के अंतर्गत खसरा नंबर 840 (3.2801 हेक्टेयर), खसरा नंबर 856 (3.1869 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 988 (94.9360 हेक्टेयर) भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। इन पर पत्थरों की कच्ची बाउंड्री बनाकर कोठरी खड़ी कर दी गई है और खेती भी की जा रही है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए उपखंड अधिकारी से मामले की जांच कर कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रॉयल्टी वृद्धि के खिलाफ मार्बल व्यापारियों का कलेक्ट्रेट घेराव, दो दिन का अल्टीमेटम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले में मार्बल पर बढ़ाई गई रॉयल्टी दरों को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को स्टोन इंडस्ट्रीज से जुड़े 20 से अधिक संगठनों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में दरें वापस नहीं ली गईं, तो उद्योगपति अपने बिजली कनेक्शन कटवाने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। प्रदर्शनकारी संगठनों के पदाधिकारी और श्रमिक केलवा चौपाटी से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर पहुंचे।



माइनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिंह राठौड़ ने कहा कि 19 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से मांग उठाने के बावजूद सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। आज का प्रदर्शन केवल ट्रेलर है। सरकार हमारी रोजी-रोटी छीन रही है, यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो हमें सड़क पर उतरना पड़ेगा, उन्होंने कहा। एसोसिएशन के संरक्षक तनसुख बोहरा ने बताया कि 18 दिनों से खदानें बंद हैं, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका संकट में है। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आंदोलन में शामिल कर सरकार तक आवाज पहुंचाई जाएगी। मार्बल गैंगसा एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश काबरा ने रॉयल्टी के साथ-साथ जीएसटी की ऊँची दरों को भी उद्योग पर संकट का कारण बताया। वर्तमान में मार्बल पर 18त्न जीएसटी लागू है, जिसे घटाकर 5त्न करने की मांग की गई। गौरतलब है कि सरकार ने मार्बल पर रॉयल्टी 320 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी है। इसके विरोध में राजसमंद के प्रमुख खनन क्षेत्र - केलवा, झांझर, उमठी, धोलीखान, थोरिया, सापोल, आगरिया, आमेट, सरदारगढ़ और उमराया - में 1 अगस्त से खनन पूरी तरह बंद है। मार्बल उद्योग की मौजूदा स्थिति भी चिंताजनक है। पहले यहां करीब 1200 खदानें सक्रिय थीं, जिनमें से अब केवल 930 बची हैं।

मंदी और बढ़ती लागत के कारण इनमे से भी सिर्फ 450 खदानें ही चल रही हैं, बाकी बंद पड़ी हैं। आज के आंदोलन में खदान मालिकों के साथ-साथ गैंगसा, कटर, ट्रक, लोडिंग, अनलोडिंग, ग्राइंडिंग, खाद्यान्न व्यापार, सर्राफा, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल एसोसिएशन सहित 20 से अधिक संगठनों ने समर्थन दिया।

## हितेश पालीवाल बने 24 श्रेणी पालीवाल युवा मंडल धोइंदा के प्रथम अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** 24 श्रेणी पालीवाल समाज धोइंदा की नई कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को श्री गौत्रज माता मंदिर परिसर स्थित पंचायती भवन में आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से गठित इस युवा मंडल के प्रथम अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हितेश पालीवाल को सौंपी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। मुख्य अतिथि 24 श्रेणी सेवा समिति मेवाड़ (मुख्यालय खमनोर) के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। अध्यक्षता 24



श्रेणी पालीवाल समाज धोइंदा के अध्यक्ष हरिवल्लभ पालीवाल ने की। इस अवसर पर नव युवक मंडल केलवा अध्यक्ष कमलेश पालीवाल, उपाध्यक्ष हरीश पालीवाल सहित अनेक वरिष्ठजन मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बद्रीलाल पालीवाल ने युवाओं से समाज उत्थान व विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा से समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आने वाली पीढ़ी तक संस्कृति व संस्कारों का संचार करें। अध्यक्ष हरिवल्लभ पालीवाल ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति में युवाओं की शक्ति और संकल्प निर्णायक भूमिका निभाते हैं। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष हितेश पालीवाल, उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, सचिव दुर्गेश पालीवाल, सह सचिव तरुण पालीवाल, कोषाध्यक्ष उमेश पालीवाल, सह कोषाध्यक्ष विवेक पालीवाल, खेल मंत्री धवल पालीवाल, सह खेल मंत्री जिगर पालीवाल, सांस्कृतिक मंत्री महेंद्र पालीवाल, मीडिया संयोजक निर्मल पालीवाल, सह संयोजक मयंक पालीवाल, आईटी सेल संयोजक परेश पालीवाल, सह संयोजक यथार्थ पालीवाल सहित अन्य सदस्यों को पद व दायित्व की शपथ दिलाई गई। समारोह में उपस्थित युवाओं ने समाज सेवा व राष्ट्रहित में तन-मन-धन से कार्य करने तथा सनातन धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में नव निर्वाचित अध्यक्ष हितेश पालीवाल ने सभी अतिथियों और वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश पालीवाल 'अंश' ने किया।

## गांव गुजर्रा खुर्द में तालाब में डूबने से पशुपालक की मौत

### भैंस को निकालते समय हुआ हादसा, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड क्षेत्र के कंचनपुर थाना अंतर्गत जपावली ग्राम पंचायत के गुजर्रा खुर्द गांव में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय पशुपालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामकिशन पुत्र बीरबल कुशवाहा (निवासी गुजर्रा खुर्द) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 5 बजे रामकिशन अपने पशुओं को चराकर घर ला रहा था। इसी दौरान उसकी एक भैंस गांव किनारे स्थित विशाल सागर तालाब में उतर गई। भैंस को निकालने के प्रयास में रामकिशन गहरे पानी में डूब गया और बाहर



नहीं निकल पाया। घटना की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। बाद में कंचनपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रामकिशन पशुपालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके घर में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। कंचनपुर तहसील के गिरदावर शाहिद अली ने बताया कि मौके का पर्चा तैयार कर लिया गया है। परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा मार्ग : क्षतिग्रस्त सड़क से स्कूली बच्चों व वाहन चालकों को हो रही भारी परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद क्षेत्र के वसुंधरा विहार गार्डन से राजकीय मॉडल विद्यालय तक जाने वाला सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह बने बड़े गड्ढों के कारण आवागमन कठिन हो गया है। राहगीरों व स्कूली विद्यार्थियों के चोटिल होने की घटनाएँ आम हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, यह सड़क बबलू कंस्ट्रक्शन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष रहे सुभाषचंद्र शारदा के



कार्यकाल में बनवाई गई थी। करीब 30 लाख रुपये की लागत से बनी इस सड़क की गारंटी अवधि पाँच वर्ष की थी, लेकिन मात्र दो वर्ष में ही सड़क पूरी तरह टूट गई। ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने बताया कि सड़क पर गिट्टी व पत्थर बिखरे रहते हैं, बारिश में गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू से ही घटिया स्तर का था।

मीडिया में कई बार इस संबंध में खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन न तो ठेकेदार ने जिम्मेदारी निभाई और न ही प्रशासन ने कार्रवाई की। सवाल उठता है कि जब बार-बार शिकायतें मिल चुकी हैं, तो बबलू कंस्ट्रक्शन को ही ठेके क्यों दिए जाते हैं। शहरवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के पिछले कार्यकाल में कई विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े। उदाहरण स्वरूप, अहिंसा सर्किल पर 30 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क बना दी गई, जबकि वहाँ कोई आबादी ही नहीं है। इससे स्पष्ट है कि आमजन के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग किया गया। लोगों की मांग है कि इन विकास कार्यों की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए और यदि सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है, तो वसूली भी की जाए। इस संबंध में नगर परिषद निंबाहेड़ा के आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## भीलवाड़ा के सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी निलंबित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान सरकार ने भीलवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रशासनिक विभाग को मिली शिकायतों की जांच में दोषी पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। राजस्थान राज्य एलाइड एंड हैल्थकेयर काउंसिल की ओर से प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-13 के तहत निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन अवधि के दौरान डॉ. गोस्वामी का मुख्यालय प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर निर्धारित किया गया है। यह आदेश राज्यपाल की आज्ञा से शासन उप सचिव सैयद शीराज़ अली जैदी द्वारा जारी किया गया।

## अखिल भारतीय धाकड़ महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार

### सागरमल धाकड़ बने राष्ट्रीय प्रवक्ता

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय धाकड़ महासभा भारतवर्ष ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई पदों पर नई नियुक्तियों की हैं। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धाकड़ ने बताया कि संगठन ने युवा एवं महिला इकाई सहित विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की है। नवगठित कार्यकारिणी में सागरमल धाकड़ को धाकड़ युवा संघ का राष्ट्रीय प्रवक्ता, नंदलाल धाकड़ को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, शंभूलाल धाकड़ को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, सुनील धाकड़ को धाकड़ युवा संघ का चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष तथा अनिल धाकड़ को प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष बनाया गया है इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री समंदर पटेल, राष्ट्रीय महामंत्री संजय धाकड़, धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड़ा, महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण मंडलोई, प्रदेश अध्यक्ष राधाकृष्ण धाकड़ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पदाधिकारियों व आमंत्रित अतिथियों का ओपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उपस्थित जनों ने नई कार्यकारिणी से समाज के उत्थान और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की उम्मीद जताई।

## तेजा दशमी मेला : देवा खेड़ा में दो दिवसीय आयोजन

### भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** समीपवर्ती ग्राम देवा खेड़ा और परमेश्वरपुरा के बीच स्थित तेजाजी मेला ग्राउंड में इस वर्ष भी भादवा सुदी दशमी के अवसर पर पारंपरिक तेजा दशमी मेला आयोजित होगा। यह आयोजन 1 और 2 सितंबर को दो दिनों तक चलेगा। पहले दिन प्रसिद्ध भजन गायिका हेमलता वैष्णव और उनका समूह भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। दूसरे दिन प्रातःकाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह, महाप्रसादी तथा किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। यह मेला अखिल मेवाड़ समाज के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। ग्रामीण अंचल में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोकदेवता श्री वीर तेजाजी महाराज की गहरी आस्था है। लोग उन्हें नागदेवता और किसानों के देवता के रूप में पूजते हैं। तेजाजी महाराज अपने सत्यवादिता और वचन-पालन के लिए प्रसिद्ध रहे हैं और इसी वजह से उनका नाम आज भी अमर है।

## स्मार्ट मीटर को गांव में घुसने मत देना - चांदना

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कांग्रेस विधायक अशोक चांदना ने रविवार को सुवानिया मंडल क्षेत्र में आयोजित सभा में किसानों से आह्वान किया कि गांवों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करें। उन्होंने कहा कि अगर स्मार्ट मीटर गांवों में लग गए तो किसान, गरीब मजदूर और छोटे व्यापारी बिल चुकाने की स्थिति में नहीं रहेंगे और बिजली विभाग के हाली बन जाएंगे। चांदना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की फसलें अतिवृष्टि से नष्ट हो चुकी हैं, कई खेत आज भी पानी में डूबे हुए हैं। इसके बावजूद किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से 28 अगस्त को बूंदी जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित किसान ललकार रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। चांदना ने कहा कि यह रैली सरकार को जगाने और फसल खराबे का मुआवजा दिलाने के लिए आयोजित की जा रही है।सभा में स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधि और कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विधायक चांदना ने ग्रामीणों का आभार जताया और रैली को सफल बनाने का आग्रह किया।

## सामुदायिक विकास के प्रति हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता सराहनीय -विधायक डॉ. लालाराम बैरवा

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि सामुदायिक विकास के प्रति हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता सराहनीय है। कल्याणपुरा में कंपनी द्वारा निर्मित सीसी रोड और उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड से ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों व परिवारों को शिक्षा और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सीधा लाभ मिलेगा। डॉ. बैरवा मंगलवार को कल्याणपुरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने सीएसआर कार्यक्रम समाधान के तहत कल्याणपुरा में 650 मीटर सीसी रोड और विद्यालय में प्रार्थना शेड का लोकार्पण किया। उद्घाटन समारोह में रामपुरा आगुचा माइन क्लस्टर आईबीयू सीईओ राम मुरारी, मजदूर संघ महासचिव महेंद्र सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण कुमावत, सरपंच श्रीमती शिमला गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता रामलाल गुर्जर, डिप्टी हेड सीएसआर अभय गौतम, हेड एडमिन एवं एक्सटर्नल रिलेशंस अभिमन्यु राणावत, सिक्योरिटी हेड अजय शर्मा, अल्ताफ मंसूरी सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। राम मुरारी ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक सतत विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और आजीविका सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। हाल ही में उद्घाटन की गई इन परियोजनाओं पर लगभग 1 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह आगुचा क्षेत्र में लगभग 7 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाओं का शुभारंभ आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला द्वारा किया गया था। इनमें भेरूखेड़ा-1 स्कूल में दो कक्षाओं, छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय और प्रार्थना शेड का निर्माण, देवपुरा गांव में 630 मीटर सीसी सड़क और प्राथमिक विद्यालय में नया कक्षा-कक्ष, कोटड़ी गांव में 2.5 किमी सीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण, रामपुरा आगुचा में कम्युनिटी हॉल तथा बालिका विद्यालय में तीन नए कक्षा-कक्षों का निर्माण शामिल हैं। इन पहलों के साथ हिन्दुस्तान जिंक शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, आजीविका और पर्यावरणीय आवश्यकताओं को संतुलित रूप से संबोधित करते हुए समग्र सामुदायिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कंपनी का दीर्घकालिक लक्ष्य है कि आसपास के समुदाय आत्मनिर्भर बनें और उद्योग के साथ-साथ समावेशी एवं सतत प्रगति की राह पर अग्रसर हों।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद ने किया सम्मान समारोह

### गणमान्य व्यक्तियों को ओपरणा व प्रतीक चिन्ह भेंट



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, निंबाहेड़ा कार्यालय (स्टेशन रोड) पर मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद की ओर से विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों को ओपरणा ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाजी कल्लू खान साहब को साफा बाँधकर ओपरणा पहनाया गया। वहीं श्याम सुंदर अग्रवाल (पत्रकार एवं समाजसेवी), मोहनलाल (पत्रकार), प्रकाशचंद्र खत्री (पत्रकार), बालचंद भांबी, रमेशचंद्र चंदेरिया (सीनियर सिटीजन एवं समाजसेवी) को मेवाड़ी पगड़ी के स्थान पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का संचालन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी एवं प्रदेश महासचिव रामचंद्र बामनिया ने किया। बताया गया कि ये सभी सम्मानित अतिथि 15 अगस्त को आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठ जन सम्मान समारोह में सम्मान से वंचित रह गए थे, इसलिए परिषद की ओर से विशेष रूप से यह कार्यक्रम रखा गया। समारोह में संपतलाल राठौर, मांगीलाल बामनिया, मनवरसिंह गढ़वाली, घनश्याम रेगर, लकी जैन, अमन खान सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत गंगा मन को पवित्र करती है और गोविंद की प्राप्ति होती है



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** शहर के रामद्वारा में संजय कॉलोनी निवासी सामरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को कथावाचक रामस्नेही संत हरसुकराम ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन लीला और रास लीला का मनोहारी वर्णन किया। संत हरसुकराम ने प्रवचन में कहा कि भागवत गंगा के समान है। संतों ने भागवत को गंगा का रूप माना है। उन्होंने कहा कि एक भागीरथी गंगा है और एक सत्संग रूपी भागवत गंगा है।

हरिद्वार की गंगा तन को पवित्र करती है, जबकि भागवत गंगा मन को पवित्र करती है और गोविंद की प्राप्ति कराती है। इसलिए भागवत गंगा का महत्व सर्वोपरि है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भी श्रद्धालुओं को संदेश दिया। आयोजक परिवार के रतनलाल सामरिया ने बताया कि कथा के दौरान छप्पन भोग और गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों के दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो उठे। कथा के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, जमनालाल कालिया, श्यामलाल डाड, कैलाश मूंदड़ा, राजेश अग्रवाल और विक्रांत पाराशर ने संत हरसुकराम का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। यह कथा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चल रही है। छठे दिन कंस वध, द्वारिका गमन और रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## कृषि उपज मंडी व्यापारियों ने यूज़र चार्ज निरस्त करने की मांग की, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा।** कृषि उपज मंडी यार्ड एवं होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन, भीलवाड़ा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर राजस्थान सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में गैर-अधिसूचित कृषि उपज व खाद्य उत्पादों पर लगाए गए 50 पैसा प्रति सैकड़ा यूज़र चार्ज को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

व्यापारियों का कहना है कि यह शुल्क न किसानों के हित में है और न ही उपभोक्ताओं के। इससे मंडियों से पलायन होगा, सरकार को राजस्व हानि होगी, किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलेगा और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले से ही 1 प्रतिशत मार्जिन पर चल रहे कारोबार पर 0.50 प्रतिशत का अतिरिक्त चार्ज व्यापारी वर्ग के लिए भारी नुकसानदेह सिद्ध होगा।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति यही रही तो वे मजबूरन मंडी यार्ड छोड़कर बाहर व्यापार करेंगे। इससे न केवल किसानों को उचित मूल्य से वंचित होना पड़ेगा, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने केंद्र सरकार की जीएसटी सरलीकरण नीति का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय केंद्र की मंशा के विपरीत है और यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र बिरला, किशोर गुरनानी, राजकुमार गुरनानी, कमलेश कोरानी, कुलदीप अजमेरा, देवेंद्र झंवर, महावीर शर्मा, सुनील नुवाल, जीतेन्द्र मोतियानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## जजावर में अब 48 घंटे के अंतराल पर होगी जलापूर्ति

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे में पिछले कई दिनों से गड़बड़ा रही बिजली आपूर्ति के कारण जलापूर्ति प्रभावित हो रही थी। स्थिति को देखते हुए अब पीएचईडी विभाग ने निर्णय लिया है कि कस्बे में जलापूर्ति 48 घंटे के अंतराल में की जाएगी। विभाग के पंप चालक महावीर नागर ने जानकारी दी कि बिजली आपूर्ति नियमित रूप से नहीं मिल पाने की वजह से जलापूर्ति प्रतिदिन संभव नहीं है। इस कारण अधिकारियों के निर्देशानुसार अगले आदेश तक हर दूसरे दिन पानी की सप्लाई की जाएगी।

## साध्वी दर्शन प्रभा म.सा. को कपासन में जैन समाज ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में सोमवार को अंबेश सौभाग्य भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा श्रमण संघीय उपप्रवर्तनी चारित्र प्रभा मा.सा. की ज्येष्ठ सुशिष्या डॉ. साध्वी दर्शन प्रभा म.सा. के संथारा-सल्लेखना सहित देवलोक गमन पर आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में श्रमण संघीय महासाध्वी कंचन कंवर, सुलोचना व सुलक्षणा ने साध्वी की तपस्या और संयममय जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साध्वी दर्शन प्रभा म.सा. ने 70 वर्ष की आयु में 50 वर्षों तक संयम धारण करते हुए भगवान महावीर के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया और समाज को धर्ममार्ग पर अग्रसर किया। श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया ने कहा कि साध्वी के देवलोक गमन का समाचार मिलते ही क्षेत्रीय जैन समाज शोकाकुल हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सभा में चार लोगस्स का जाप मदनलाल चंडालिया ने संपन्न कराया। इसके बाद घंटाकर्ण महावीर का जाप भी हुआ, जिसकी प्रभावना भीलवाड़ा निवासी मनोहरलाल मेहता रहे। श्रद्धांजलि सभा में शंकरलाल लोढ़ा, अनिल बाघमार, मदनलाल दुग्गड़, रूपलाल डांगी, सुगन बाघमार, अशोक बापना, राजेश खाब्या, प्रकाश आंचलिया, प्रियंका दुग्गड़, पूर्व पार्षद सुनिता सांवला, अंगूरबाला सिरोया, सपना सिरोया सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

# निंबाहेड़ा नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन की नई कार्यकारिणी गठित

## रामेश्वर सिंह मीणा अध्यक्ष व पुष्पेंद्र सिंह चौहान बने महामंत्री

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा निंबाहेड़ा की बैठक मंगलवार को नगर परिषद सभा भवन में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महेंद्र गायरी की संरक्षता में हुआ, जबकि प्रांतीय संरक्षक छिछपाल सिंह चौधरी एवं वरिष्ठ कर्मचारी रामगोपाल सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से रामेश्वर सिंह मीणा को अध्यक्ष और पुष्पेंद्र सिंह चौहान को महामंत्री निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने बताया कि बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में संरक्षक रिंकू सिंह चौधरी, उप संरक्षक कपिल जूनेजा, सलाहकार महेंद्र गायरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण प्रजापत, उपाध्यक्ष शनि कुमार गोरण, कोषाध्यक्ष सुरेशचंद्र धोबी, वरिष्ठ सचिव रामगोपाल सेन, संयुक्त सचिव मुकेश जाट, संयुक्त मंत्री श्रीमती अनिता मोदी, संगठन मंत्री हितेश लालन, मीडिया प्रभारी महेश चौहान को मनोनीत किया गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में मोहम्मद इस्माइल, पर्वतसिंह राणावत, तेजप्रकाश माली, गणेश प्रजापत, आसिम हुसैन और श्रीमती लीला बाई को शामिल किया गया है।

नई कार्यकारिणी के गठन पर उपस्थित कर्मचारियों ने पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें बधाई दी।

## अच्छी बरसात की कामना में गधे पर पटेल को बिठाकर कराया श्मशान का फेरा

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़/चौमहला।** बारिश की कमी से चिंतित किसानों और ग्रामीणों ने अच्छी वर्षा की कामना के लिए परंपरागत अनुष्ठान का सहारा लिया। रविवार को गांववासियों ने मान्यताओं के अनुसार गांव के पटेल को गधे पर उल्टा बैठाकर श्मशान भूमि के सात चक्कर लगवाए। इससे पहले गधे को माला पहनाई गई और काला टीका लगाया गया।

सात चक्कर पूरे होने के बाद पटेल ने इंद्र देव से भरपूर वर्षा की प्रार्थना की।

ग्रामीणों का मानना है कि इस अनुष्ठान से इंद्र देव प्रसन्न होकर मेघ बरसाते हैं। इसी दौरान क्षेत्र में उज्जैनी पर्व भी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया।

शिवालयों में जलाभिषेक किया गया तथा रात को नगर के मुख्य झंडा चौक पर सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। बरसात नहीं होने से इस समय किसान बेहद चिंतित हैं।

अब तक तहसील क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, जिससे फसल बोवनी और सिंचाई प्रभावित हो रही है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

## भाजपा प्रभारी ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को बताया जाट:सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए, ट्रोलर्स ने कहा- तमिलनाडु में जाट हमने नहीं सुना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश भाजपा प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन को जाट बताकर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। उन्होंने सोमवार-मंगलवार को पोस्ट कर लिखा था- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के करोड़ों जाट समाज के लोगों की ओर से आभार। उन्होंने तमिलनाडु जाट समाज के नेता और पूर्व सांसद सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाकर जाट समाज के लिए अपनापन दिखाया। इस पोस्ट के बाद वे ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। ट्रोलर्स ने लिखा- तमिलनाडु में जाट कहा से आ गए। जाटों की तो भाजपा और आपको सुगंध आती है, इसलिए तो आप बार-बार जाटों को अपमानित कर रहे हैं, कितनी बार करोगे अपमानित। बीजेपी प्रभारी ने भी ट्रोलर्स को जवाब दिया।

## इंदौर के कार्टूनिस्ट पीएम और आरएसएस से मांगेंगे माफी

### आपत्तिजनक कार्टून बनाने पर हुई थी एफआईआर; सुप्रीम कोर्ट में कहा- सोशल मीडिया पर लिखूंगा माफीनामा

बढ़ता राजस्थान

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस से माफी मांगेंगे। विवादित कार्टून बनाने के चलते इंदौर के युवक ने हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट से मालवीय की शिकायत की थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। मालवीय ने कोर्ट में कहा कि वह आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अशोभनीय व्यंग्य चित्र बनाने के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। मालवीय की ओर से पैरवी कर रहीं एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच के समक्ष मालवीय का पक्ष रखा। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की युगल पीठ कर रही है। पीठ ने मालवीय को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा अगली सुनवाई तक बढ़ा दी।

**वकील ने कहा- सोशल मीडिया से हटा देंगे कार्टून**-एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कोर्ट के समक्ष कहा, पहले के आदेश के अनुसार माफ़ीनामा पहले ही प्रस्तुत कर दिया है। यह कार्टून सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाएगा। मालवीय अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी माफ़ीनामा प्रकाशित करेंगे।बता दें कि एक माह पहले 15 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मालवीय की जमानत पर सुनवाई करते हुए उनके द्वारा प्रकाशित कुछ कार्टूनों पर नाराजगी व्यक्त की थी। अब केस की सुनवाई अगले हफ्ते होगी।

### बिहार में वोटर अधिकार यात्रा

## विरोध करने वाले बीजेपी नेताओं को राहुल गांधी ने दिया फ्लाइंग किस; बोले- वोट गया तो समझो राशन-जमीन गई

बढ़ता राजस्थान

**गयाजी (एजेंसी)।** राहुल गांधी की तीसरे दिन की वोटर अधिकार यात्रा शेखपुरा के बरबीघा में खत्म हुई। यहां श्री कृष्ण सिंह चौक पर राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा वोट चोरी नहीं होने देंगे। वोट हम सब का अधिकार है। हिंदुस्तान में गरीबों के पास आज सिर्फ वोट बचा हुआ है। अगर ये चला गया तो सब चला गया जाएगा। महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश के चुनाव में बीजेपी ने वोट चोरी की है। चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। तेजस्वी यादव ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल हम लोगों ने बहुत सहा है। अब नहीं। शिक्षा-स्वास्थ्य सब चौपट है। अब इन लोगों को हटाने का वक्त का गया है।

### नवादा में राहुल की गाड़ी के नीचे आया जवान

इससे पहले बिहार के नवादा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी गाड़ी के नीचे आ गया। अन्य सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल गांधी ने भी उनका हालचाल पूछा। यहां लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और बीजेपी के बीच पार्टनरशिप है। ये मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर आपसे वोट छीन रहे हैं। तेजस्वी ने कहा, आप लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाइए और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री।

# मोदी सरकार का बड़ा तोहफा, कोटा-बूंदी एयरपोर्ट को मंजूरी, कटक-भुवनेश्वर में बनेगा 6 लेन रिंग रोड

बढ़ता राजस्थान



**नइ दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को कोटा-बूंदी (राजस्थान) में 1507.00 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के विकास हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। चंबल नदी के तट पर स्थित कोटा, राजस्थान की औद्योगिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, कोटा भारत के शैक्षिक कोचिंग केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, राजस्थान सरकार ने ए-321 प्रकार के विमानों के संचालन हेतु उपयुक्त ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास हेतु एएआई को 440.06 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की है।

इस परियोजना में 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले एक टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है, जो 1000 व्यस्त समय के यात्रियों (पीएचपी) को संभालने में सक्षम होगा और इसकी वार्षिक क्षमता 2 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी। इसके अलावा, 3200 मीटर × 45 मीटर आकार का रनवे 11/29, ए-321 प्रकार के विमानों के लिए 07 पार्किंग बे के साथ एप्रन, दो लिंक टैक्सीवे, एटीसी सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन, कार पार्क और संबद्ध कार्य भी इसमें शामिल हैं। कोटा की शैक्षिक और औद्योगिक क्षेत्रों में प्रमुखता, ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना बनाती है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में अनुमानित यातायात वृद्धि को संबोधित करना है। मौजूदा कोटा हवाई अड्डा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के स्वामित्व में है। इसमें 1220 मीटर × 38 मीटर आकार का एक रनवे (08/26) है, जो कोड बी विमानों (जैसे डीओ-228) के लिए उपयुक्त है, और एक एप्रन है जो ऐसे दो विमानों को समायोजित कर सकता है। टर्मिनल भवन 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है और व्यस्त समय में 50 यात्रियों को संभालने में सक्षम है। हवाई अड्डे के आसपास अपर्याप्त भूमि उपलब्धता और शहरीकरण के कारण मौजूदा हवाई अड्डे को वाणिज्यिक संचालन के लिए विकसित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को 8307.74 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर ओडिशा में 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास - 110.875 किमी) के निर्माण को मंजूरी दे दी। वर्तमान में, मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर और टांगी के बीच संपर्क उच्च यातायात मात्रा के कारण महत्वपूर्ण भीड़ का अनुभव करता है, जो अत्यधिक शहरीकृत शहरों खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, परियोजना को 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह परियोजना कटक, भुवनेश्वर और खोरधा शहरों से भारी वाणिज्यिक यातायात को हटाकर ओडिशा और अन्य पूर्वी राज्यों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेग।

## कॉन्स्टेबल सुसाइड मामले में पूर्व मंत्री-विधायक समर्थक की बहस

### बोले- तुमने कौनसा न्याय दिलवा दिया, हम एमएलए की जगह आए हैं; गुढ़ा ने कहा- यह कौनसा पद

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** आरएसी कॉन्स्टेबल राजकुमार कांटीवाल की आत्महत्या के मामले को लेकर चल रहे धरने पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा और भाजपा विधायक समर्थकों के बीच बहस हो गई। गुढ़ा ने विधायक राजेंद्र भांबू के धरने पर न आने को लेकर नाराजगी जताई थी। गुढ़ा ने भांबू समर्थकों ने कहा- काम बिगाड़ने वाले वो लोग हैं जो 2 घंटे धरने पर आते हैं और राजनीति कर चले जाते हैं। इस पर नाराज विधायक के समर्थकों ने कहा- तुमने कितने मामलों में न्याय दिलवा दिया। इस पर गुढ़ा भड़क गए और अपनी जगह से उठ कर खड़े हो गए। गुढ़ा भाजपा विधायक भांबू के समर्थकों की ओर बढ़ने लगे।

## जयपुर में 9.50-लाख की लूट का रचा गया था ड्रामा

### गुमराह करने के लिए निभाए किरदार, साइबर क्रिमिनल्स गैंग ने की थी वारदात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने 9.50 लाख रुपए लूट मामले में मंगलवार शाम खुलासा किया है। साइबर क्रिमिनल गैंग ने ड्रामा रचकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस को गुमराह करने के लिए पीड़ित सहित अन्य बदमाशों ने अपने-अपने किरदार निभाए। बजाज नगर थाना पुलिस ने मास्टर माइंड को अरेस्ट कर लूट के 2 लाख रुपए जब्त किए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

## गहलोत की टिप्पणी के बाद हेल्थ मिनिस्टर रिव्यू करने पहुंचे

### बोले- मार्च तक शुरू कर देंगे कार्डियक सेंटर; आईपीडी टॉवर कब शुरू होगा, तय नहीं



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आईपीडी टॉवर को लेकर की गई टिप्पणी के बाद आज हेल्थ मिनिस्टर गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इस भवन के साथ-साथ एसएमएस में बन रहे आईपीडी टॉवर, कार्डियक सेंटर और इमरजेंसी विभाग की नई बिल्डिंग की प्रगति रिपोर्ट ली। इस मौके पर मंत्री ने कहा, कि हम कार्डियक सेंटर को 30 मार्च 2026 तक शुरू कर देंगे, लेकिन आईपीडी टॉवर कब शुरू होगा, इस बारे में वे कुछ नहीं बोले। उन्होंने बताया-कार्डियक सेंटर की बिल्डिंग का काम पूरा हो गया है, अब फिनिशिंग चल रही है। इसके अलावा उपकरणों की खरीद एवं इंस्टॉलेशन का काम भी जल्द पूरा करें। संभावना है कि 30 मार्च तक हम इसे मरीजों की सेवा के लिए शुरू कर देंगे। मंत्री ने कहा, इस कार्डियक सेंटर के शुरू होने के बाद यहां पार्किंग का दबाव बढ़ेगा, जिसके लिए हमने नए विकल्प तलाशने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा था कि हमने विश्व स्तरीय सुविधा देने के लिए आईपीडी टॉवरकी स्थापना के लिए पहल की थी, लेकिन जब से यह सरकार आई है इसका काम बंद है।

### 250 बेड होंगे

आपको बता दें कि इस कार्डियक सेंटर में दिल के मरीजों के लिए जनरल और आईसीयू सहित 250 बेड होंगे। इसमें पांच कैथ लैब और चार ऑपरेशन थिएटर होंगे। एंजियोप्लास्टी के लिए रोबोटिक आर्म्स लाने की योजना है। साथ ही इस सेंटर में ही मरीजों की हार्ट से संबंधित तमाम जांचों की भी सुविधा होगी।

### आरएसएस में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बोले मोहन भागवत

## समाज के 50 प्रतिशत लोगों को बाहर नहीं रखा जा सकता

बढ़ता राजस्थान



**नइ दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन की निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा है कि समाज के पचास प्रतिशत लोगों को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। तन समर्पित, मन समर्पित नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए, मोहन भागवत ने कहा कि जहाँ भी स्वयंसेवक हैं, महिलाएँ उनके साथ हैं। महिलाओं के लिए, राष्ट्र सेविका समिति, जो 1936 में शुरू किया गया एक महिला संगठन है, समानांतर रूप से काम करती है। कई क्षेत्रों में, महिलाएँ निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं, उन्हें मुख्य बैठकों में आमंत्रित किया जाता है और उनके प्रस्तावों को शामिल किया जाता है। समाज के पचास प्रतिशत लोगों को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता।

मोहन भागवत ने कहा कि प्रक्रियाएँ राज्यों के अनुसार अलग-अलग होती हैं, लेकिन उन्होंने इसे संघ के अनुकूलनशील और विकासशील स्वभाव का प्रतीक बताया। आरएसएस प्रमुख ने राष्ट्र सेवा और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा कभी भी पारिवारिक कर्तव्यों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधाभासी नहीं। सामाजिक परिवर्तन पर टिप्पणी करते हुए भागवत ने कहा कि समाज में परिवर्तन तभी आएगा जब वह स्वयंसेवक के जीवन में आएगा। केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। परिवर्तन के लिए अनुशासन, उदाहरण और अभ्यास की आवश्यकता होती है।

सुरुचि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित स्वयंसेवक रमेश प्रकाश की जीवनी तन समर्पित, मन समर्पित के लोकार्पण के अवसर पर, दो दृष्टिकोण एक साथ आए, एक संघ नेतृत्व से और दूसरा पत्रकारिता जगत से। इंडिया टुडे समूह की उपाध्यक्ष कली पुरी ने भी इस कार्यक्रम में बोलते हुए, आरएसएस के साथ जुड़ाव पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने शताब्दी दृष्टि के माध्यम से इसकी सादगी, अनुशासन और दीर्घकालिक योजना पर ध्यान दिलाया। उन्होंने इंडिया टुडे की सकल घरेलू व्यवहार (जीडीबी) पहल का भी परिचय दिया, जो नागरिक दृष्टिकोण, समावेशिता, लैंगिक समानता और अखंडता को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया एक पैमाना है। पुरी ने कहा कि भ्रष्टाचार को जीवनशैली के रूप में सामान्य नहीं माना जाना चाहिए और उन्होंने संघ के नेतृत्व ढांचे में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का आह्वान किया।

## जयपुर में एक परिवार के तीन बच्चे लापता

### तीनों भाई घर से स्कूल के लिए निकले थे; नोट में लिखा-हमें ढूंढें नहीं, 5 साल बाद आएंगे

**जयपुर।** जयपुर में एक परिवार के तीन बच्चे लापता हो गए हैं। तीनों 14 अगस्त को स्कूल जाने के लिए निकले थे। जब बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। पता चला कि बच्चे स्कूल पहुंचे ही नहीं थे। परिवार ने सांगानेर सदर और अशोक नगर थाने में बच्चों के किडनैप होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## जूली बोले-अन्य सेवाओं में आईएएस बने, दलित-आदिवासी शामिल क्यों नहीं डोटासरा ने कहा- रिजर्व कैटेगरी में कोई भी योग्य अधिकारी नहीं मिला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में अन्य सेवाओं से 4 आईएएस बनाने के बाद कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरक्षित वर्ग और माइनॉरिटी से एक भी अफसर को शामिल नहीं करने पर सरकार पर सवाल उठाए हैं।

दरअसल, केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने सोमवार को अन्य सेवाओं से नीतीश शर्मा, अमिता शर्मा, नरेंद्र कुमार मंघानी और नरेश कुमार गोयल को आईएएस बनाने की अधिसूचना जारी की थी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा- राजस्थान कैडर की अन्य सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में नवचयनित सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई। हालांकि यह सोचनीय है कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने इस चयन में किसी भी दलित, पिछड़े, आदिवासी या अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले अधिकारी को शामिल क्यों नहीं किया?जूली ने लिखा- हमारे नेता राहुल गांधी भाजपा की ओर से उच्च पदों पर पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग को प्रतिनिधित्व देने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार के समय अन्य सेवा से ड्डस बनाते समय सामान्य, दलित, पिछड़े सभी वर्गों के अधिकारियों को मौका दिया गया था। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पोस्ट की। लिखा- यह बेहद गंभीर और आश्चर्यजनक है कि सरकार को एससी, एसटी, ओबीस, एमबीसी और माइनॉरिटी कैटेगरी में कोई भी योग्य अधिकारी नहीं मिला। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी इसीलिए जातिगत जनगणना के पक्ष में हैं। ताकि सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके और सबको आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी मिल सके।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- राष्ट्रपति ने सलाह मांगी तो दिक्कत क्या : सरकार बोली- क्या कोर्ट संविधान दोबारा लिख सकती है; राष्ट्रपति-राज्यपाल के फैसलों की डेडलाइन का मामला

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने पूछा, जब खुद राष्ट्रपति ने राय मांगी है तो इसमें दिक्कत क्या है? क्या आप वाकई इसे चुनौती देना चाहते हैं।

बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मामले में सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठी है, यानी अभी यह कोई अंतिम आदेश नहीं बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2025 वाले फैसले पर कहा कि क्या अदालत संविधान को फिर से लिख सकती है? कोर्ट ने गवर्नर और राष्ट्रपति को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा, जबकि वे संवैधानिक पद हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, संविधान सभा ने जानबूझकर गवर्नर और राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा नहीं रखी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु मामले में दखल इसलिए देना पड़ा क्योंकि गवर्नर लंबे समय तक बिलों पर बैठे रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया रुक गई। अब अदालत तय करेगी कि राष्ट्रपति और गवर्नर की शक्तियों पर उसकी व्याख्या कितनी लागू होगी। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर बेंचच में आज केरल और तमिलनाडु सरकार की शुरुआती आपत्तियों पर सुनवाई हुई। दोनों राज्यों का उनका कहना है कि राष्ट्रपति ने जो सवाल उठाए हैं, उनमें से ज्यादातर का जवाब पहले ही तमिलनाडु वाले फैसले में मिल चुका है सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी। वहीं, केरल सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल और तमिलनाडु की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी शामिल हुए।

### तमिलनाडु से शुरू हुआ था विवाद...

ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर से राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। इसी फैसले में कहा था कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने मामले में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी और 14 सवाल पूछे थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार